




दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 54/ अंक 208/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 27 फरवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## क्रिप्टोकरेंसी फ्राड से जुड़े मामलों में देशभर में 60 जगह CBI की छापेमारी!

देशभर में 60 जगह पर सीबीआई ने छापेमारी की है। क्रिप्टोकरेंसी फ्राड से जुड़े मामलों में ये छापे दिल्ली एनसीआर, पुणे, चंडीगढ़, नांदेड़, कोल्हापुर, बेंगलुरु और अन्य प्रमुख शहरों में चलाए जा रहे हैं। यह घोटाला फर्जी वेबसाइटों और ऑनलाइन धोखाधड़ी के माध्यम से किया गया। इसमें आरोपियों ने बड़ी क्रिप्टो एक्सचेंज वेबसाइटों की नकल करके लोगों के साथ ठगी की।



क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ा ये स्कैम 2015 में शुरू हुआ था, जिसे अंजाम देने वालों में अमित भारद्वाज (मृतक), अजय भारद्वाज और उनके एजेंट शामिल थे। इन लोगों ने गेन बिटकॉइन और कई दूसरे नाम से वेबसाइट बनाकर लोगों से पोंजी स्कीम के तहत क्रिप्टोकरेंसी में इंवेस्ट कराया था। इन सभी वेबसाइट का कंट्रोल वैरिएबलटेक नामक कंपनी द्वारा किया जाता था।

### शुरू में दिया निवेशकों को रिटर्न

क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड करने वाले इतने शातिर थे कि उन्होंने निवेशकों को शुरुआत में कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर रिटर्न दिया। लेकिन, 2017 में इंवेस्टर्स कम होने के बाद ये योजना फ्लॉप हो गई और आरोपियों ने इंवेस्टर्स के घाटे को कवर करने के लिए उनके पैसे को अपनी इन हाउस एमसीएपी क्रिप्टोकरेंसी में बदल दिया, जिसकी वास्तिव कीमत बिटकॉइन से काफी कम थी।

**निवेशकों से अच्छे रिटर्न वादा किया-** क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड करने वाले अमित भारद्वाज (मृतक), अजय भारद्वाज ने निवेशकों को इस योजना में 18 महीने बिटकॉइन में पैसा लगाने के लिए कहा, इसके बदले इन दोनों ने 10त्न रिटर्न देने की बात कही थी। साथ ही निवेशकों को एक्सचेंजों से बिटकॉइन खरीदने और 'क्लाउड माइनिंग' अनुबंधों के माध्यम से गेनबिटकॉइन के साथ निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**एफआईआर देशभर में दर्ज हुई -** इस क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड में धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाते हुए पूरे भारत में कई एफआईआर दर्ज की गई। स्कैम के साइज को देखते हुए जम्मू और कश्मीर, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों में दर्ज मामलों को सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया, अब छापामार कार्यवाही उसी के तहत की जा रही है।

## सूरत के कपड़ा मार्केट में भीषण आग, 800 दुकानें कराई गई बंद, पुलिस ने पूरे इलाके को घेरा



**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर के शिवशक्ति कपड़ा बाजार में 24 घंटे के भीतर दूसरी बार भीषण आग लग गई है। यह आग इतनी ज्यादा फैली है कि इलाके को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है और आसपास की 800 दुकानें बंद कर दी गई हैं। फिलहाल मौके पर दमकल की कई गाड़ियां आग बुझाने के लिए लगी हुई हैं और अधिकारी इसे नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। पूरे इलाके को पुलिस ने घेर लिया है।

### पुलिस ने इलाके को कराया खाली

पुलिस ने इलाके को खाली करवा लिया है ताकि कोई भी व्यक्ति अंदर न रहे और आग के प्रभाव से बच सके। आसपास के इलाकों में ट्रैफिक को भी बंद कर दिया गया है। पुलिस की बड़ी टीम यहां तैनात की गई है, ताकि किसी तरह का और नुकसान न हो। स्थानीय पुलिस अधिकारी, DCP भागीरथ गढ़वी ने बताया कि सभी बचाव टीमें मौके पर हैं और दुकानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस भी तैनात है।

इससे पहले, मंगलवार को भी इसी इमारत के बेसमेंट में आग लगने की खबर आई थी। उस समय आग की चपेट में आने से एक श्रमिक की दम घुटने से मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया था कि बेसमेंट में कपड़े रखे हुए थे और आग पर कुछ घंटों में काबू पा लिया गया था। लेकिन, अब यह दूसरी बार आग लगने से स्थिति और गंभीर हो गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताया एकता का महाकुंभ

# ना कोई सूचना और ना निमंत्रण, फिर भी पहुंचे करोड़ों

**नई दिल्ली।** महाकुंभ के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक आयोजन को एकता का महाकुंभ बताया और अपने ब्लॉग में लिखा कि बिना किसी औपचारिक निमंत्रण या सूचना के करोड़ों श्रद्धालु इस आयोजन में पहुंचे।





प्रयागराज में 45 दिनों तक चले महाकुंभ का समापन भव्य तरीके से हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक आयोजन को एकता का महाकुंभ बताया और अपने ब्लॉग में लिखा कि बिना किसी औपचारिक निमंत्रण या सूचना के करोड़ों श्रद्धालु इस आयोजन में पहुंचे, जिससे भारत की आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकता का अनुपम दृश्य देखने को मिला।

पीएम मोदी ने लिखा कि इस महाकुंभ में देशभर से श्रद्धालु जुटे, जिनमें संत, महात्मा, बाल-वृद्ध, महिलाएं और युवा सभी शामिल थे। उन्होंने इसे भारत की एकता और समरसता का प्रतीक बताया और कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान देवभक्ति से देशभक्ति का जो संकल्प लिया गया था, उसे इस महाकुंभ में मूर्त रूप मिला।

पीएम मोदी ने इस आयोजन की भव्यता पर चर्चा करते हुए कहा कि दुनिया में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है जहां बिना औपचारिक निमंत्रण के इतनी विशाल संख्या में लोग पहुंचे हों। उन्होंने प्रशासन, सफाईकर्मियों, पुलिसकर्मियों, नाविकों और प्रयागराज के स्थानीय निवासियों की सेवा भावना की भी प्रशंसा की, जिन्होंने महाकुंभ के दौरान आने वाले करोड़ों लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा।

अपने ब्लॉग में पीएम मोदी ने लिखा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह भारत की राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने वाला एक महायज्ञ था। उन्होंने इसे एक नए भारत की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि इस आयोजन ने भारत के उज्ज्वल भविष्य की एक झलक पेश की है, जहां आध्यात्मिकता और विकास एक साथ आगे बढ़ रहे हैं।

अंत में, पीएम मोदी ने महाकुंभ की तुलना श्रीकृष्ण द्वारा माता यशोदा को ब्रह्मांड दर्शन कराने से की और कहा कि इस महाकुंभ में दुनिया ने भारत की असली ताकत देखी। उन्होंने यह भी बताया कि वह जल्द ही श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेंगे और भारत की समृद्धि और एकता के लिए प्रार्थना करेंगे।

## महाकुंभ का समापन, योगी ने संगम पर झाड़ू लगाई, गंगा से कचरा निकाला, पूजन किया

**प्रयागराज।** 45 दिन तक चले महाकुंभ का कल (26 फरवरी) समापन हो चुका है। हालांकि, आज भी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ है। लोग संगम स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। मेले में दुकानें भी लगी हैं।



सीएम योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव संगम पहुंचे। योगी और दोनों डिप्टी सीएम ने अरैल घाट पर झाड़ू लगाई। सभी ने गंगा के कूड़ा-कचरा निकाला। गंगा की पूजा की। योगी दोपहर में गंगा पंडाल में पुलिसकर्मियों, सफाईकर्मियों और नाविकों को सम्मानित करेंगे।

महाकुंभ के समापन पर पीएम मोदी ने एकता का महाकुंभ-युग परिवर्तन की आहट शीर्षक से ब्लॉग लिखा। उन्होंने लिखा- इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से...मां यमुना से...मां सरस्वती से...हे मां हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा। श्रद्धालुओं की सेवा में भी कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं। योगी और मंत्रियों के कार्यक्रम को देखते हुए कई रास्तों पर पुलिस ने आज भी बैरिकेडिंग कर रखी है।

### योगी ने अरैल घाट पर गंगा की पूजा की

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य और कैबिनेट के अन्य मंत्रियों ने प्रयागराज के अरैल घाट पर गंगा की पूजा की। महाकुंभ के समापन पर पीएम मोदी ने ब्लॉग लिखा है। शीर्षक है-एकता का महाकुंभ-युग परिवर्तन की आहट..।


गाड़ियों को मेला क्षेत्र के पास बनी पार्किंग में रोका जा रहा है। बुधवार को महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का अंतिम स्नान था। इस दौरान 1.53 करोड़ ने डुबकी लगाई। वहीं, पूरे महाकुंभ आयोजन के दौरान रिकॉर्ड 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। ये आंकड़ा अमेरिका की आबादी (करीब 34 करोड़) से दोगुना है।

संगम में डुबकी लगाने वालों की यह संख्या 193 देशों की जनसंख्या से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुंभ आए श्रद्धालुओं से ज्यादा है। योगी सरकार ने दावा किया कि दुनिया में हिंदुओं की आधी आबादी के बराबर लोग यहां आए हैं। महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में पूरे 45 दिनों तक जिस प्रकार 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ी, वो अभिभूत करता है! महाकुंभ के पूर्ण होने पर जो विचार मन में आए, उन्हें मैंने कलमबद्ध करने का प्रयास किया है।

## गृहमंत्री शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज चित्रकूट प्रवास पर

नानाजी की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज मध्य प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर सतना जिले में स्थित भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट आ रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव भी आज चित्रकूट प्रवास पर रहेंगे। दोनों नेतागण यहां नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।





गृहमंत्री अमित शाह यहां राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्यतिथि पर दीन दयाल शोध संस्थान के उद्यमिता विद्यापीठ परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि विद्यापीठ में भारत रत्न नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्यतिथि पर 25 फरवरी से तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू हो चुका है। आज कार्यक्रम के अंतिम दिन राष्ट्रीय विचार गोष्ठी में शाह शामिल होंगे और नानाजी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शाह दोपहर 2.55 बजे चित्रकूट पहुंचेंगे और 3.55 बजे वापस रवाना हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय गृहमंत्री शाह के चित्रकूट दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। चित्रकूट को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। पांच आईपीएस सहित करीब 600 जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। साथ मे अन्य व्यवस्थाओं के लिए 15 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। तीन दिन में अमित शाह का यह मध्य प्रदेश में दूसरा दौरा है।



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी के बलिदान दिवस पर पी.एन.टी चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

सुप्रीम कोर्ट ने दखल देने से किया इनकार

## पीथमपुर में ही जलेगा जहरीला कचरा

▶▶ आज खोले जाएंगे कंटेनर, 1200 डिग्री रखा जाएगा इंसीनरेटर का तापमान

**भोपाल।** पीथमपुर में ही यूका का कचरा जलाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दखल देने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद विशेषज्ञों की निगरानी में यूका का कचरा पीथमपुर में जलाने का फैसला लिया गया था। इसे लेकर विरोध हो रहा था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में रोक लगाने की मांग को लेकर याचिका लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि वह यूनियन कार्बाइड प्लांट में कचरे के निपटान से संबंधित मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा, क्योंकि इस मामले की निगरानी पहले से ही मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय कर रहा है।





### याचिका खारिज

मामले में जस्टिस बी. आर. गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने सुनवाई की है। साथ ही याचिका खारिज हो गई है। इस पूरे मामले को अब एमपी हाईकोर्ट ही देखेगी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पीथमपुर के इंडस्ट्रियल एरिया में गुरुवार से कचरा को जलाए जाना था। सुप्रीम राहत मिलने के बाद कंपनी अब इस दिशा में आगे बढ़ेगी। दरअसल, यूका कचरा को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे उन पर असर पड़ेगा। इसे लेकर स्थानीय लेवल पर विरोध प्रदर्शन भी हुआ था। हालांकि कंपनी और सरकार का कहना था कि इससे कोई नुकसान है। सभी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। एक्सपर्ट की अनुमति के बाद ही यह फैसला लिया गया है।

### पहले ट्रायल के लिए पीथमपुर में 24 थानों के पुलिसकर्मी तैनात किया गया

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रशासन हरकत में आ गई है. प्रशासन, कचरा जलाने के विरोध में दायर याचिका को लेकर पहले से ही काफी सतर्क है. 3 जनवरी को हुए कचरा जलाने को लेकर हुए विरोध को देखते हुए प्रशासन अब कोई कोताही नहीं बरतना चाहता है. लिहाजा, इंदौर देहात और धार जिले के 24 थानों से 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किया हैं।

### दूसरा ट्रायल 4 मार्च और तीसरा 12 मार्च से शुरू होगा

गौरतलब है सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से इनकार करने के बाद के बाद अब पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के रासायनिक कचरे के निष्पादन का ट्रायल आज से शुरू होगा. कचरा जलाने का दूसरा ट्रायल 4 मार्च और तीसरा 12 मार्च से शुरू होगा. आज शुरू हो रहे पहले ट्रायल के दौरान 24 थानों की पुलिस मौके पर तैनात रहेगी.

### ये है हाईकोर्ट का आदेश

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने भोपाल गैस त्रासदी के जहरीले कचरे के निपटान के लिए ट्रायल रन को मंजूरी दे दी है। इसमें 30 मीट्रिक टन कचरा जलाया जाएगा। यह काम तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 135 किलो कचरा प्रति घंटा जलाया जाएगा। दूसरे में 180 किलो और तीसरे में 270 किलो प्रति घंटा कचरा जलाया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई की थी।

## मप्र में रील प्रतियोगिता: 15 अप्रैल तक अपलोड करें और जीतें 2 लाख रुपए का नकद पुरस्कार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने स्वच्छ एमपी रील प्रतियोगिता की घोषणा की है, जिसमें युवाओं को 2 लाख रुपए तक के पुरस्कार मिलेंगे। प्रतियोगिता में कचरा प्रबंधन पर रील बनाने की चुनौती दी गई है। पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने इस प्रतियोगिता की घोषणा की। मंत्री ने बताया कि कचरा प्रबंधन को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने के लिए यह प्रतियोगिता शुरू की गई है।



**स्वच्छ एमपी रील प्रतियोगिता-** मध्यप्रदेश सरकार ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक नई पहल शुरू की है। इस पहल का नाम है स्वच्छ एमपी रील प्रतियोगिता , जिसके तहत राज्य सरकार युवाओं को 2 लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि देने जा रही है।



### कैसे करें भागीदारी?

प्रतिभागियों को 15 अप्रैल तक गांवों में कचरे से जुड़ी जागरूकता पर रील बनाकर सरकार द्वारा निर्धारित लिंक पर अपलोड करनी होगी। यह रील स्वच्छता और कचरे की समस्या पर समाज को जागरूक करने का एक प्रयास होगा।

### स्वच्छता के संदेश का प्रसार

प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मिशन की कल्पना की थी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हम इस मिशन को साकार करने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कचरे को सही तरीके से अलग किया जाए, तो यह आय का भी एक स्रोत बन सकता है।

### कैमरा उठाएं और रील बनाएं

मंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे एक बार कैमरा उठाकर स्वच्छता के संदेश के साथ रील बनाएं और http://mp.mygov.in पर अपलोड करें। यह एक बड़ी मौका है जहां वे न केवल पुरस्कार जीत सकते हैं, बल्कि समाज में स्वच्छता को बढ़ावा भी दे सकते हैं।

## हर गैर-अमेरिकी पर होगा बाहर होने का खतरा, डोनाल्ड ट्रंप ला रहे 227 साल पुराना कानून

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अवैध प्रवासियों को देश से बाहर करने में जुटे हैं। उनके सत्ता में आने के बाद से कई जहाजों में भरकर भारत, ब्राजील, अल सल्वाडोर, मेक्सिको समेत कई देशों के हजारों लोगों को वापस भेजा जा चुका है। यही नहीं अब वह 227 साल पुराना एक ऐसा कानून लाने की तैयारी में हैं, जिससे हर गैर-अमेरिकी के बाहर होने का खतरा होगा। उनके इस फैसले को अदालत में चुनौती देने की भी बात चल रही है, लेकिन वह कानून लागू कर पाए तो अमेरिका समेत दुनिया भर में बड़ी हलचल मचेगी। यह कानून है, एलियन एनिमीज ऐक्ट, 1798। यह कानून राष्ट्रपति को वॉरटाइम शक्तियां देता है। वह राष्ट्रहित के नाम पर किसी भी गैर-अमेरिकी मूल के नागरिक को देश से बाहर कर सकते हैं।



शहर के लगभग सभी मंदिरों में धूमधाम से मनाया शिवरात्रि पर्व

# भगवान भोलेनाथ की भक्ति से मन में सदा संतोष बना रहता है: भगवानदास सबनानी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



शहर में सुबह से ही मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के भक्त मंदिरों में जाकर भगवान भोलेनाथ के पावन पर्व शिवरात्रि पर दर्शन कर भगवान शिव की आराधना में लीन है, शहर के लगभग सभी मंदिरों में धूमधाम से शिवरात्रि का पर्व मनाया गया । दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में भी कई जगहों पर महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया मंदिरों में विशेष आयोजन कर भगवान भोलेनाथ का सिंगर कर विशेष आरती की गई और भंडारों का आयोजन किया गया, शिव बारात में भी सैकड़ो की संख्या में लोग सम्मिलित होकर भगवान भोलेनाथ की भक्ति में डूबे रहे और बारात में नाचते गाते रहे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी के द्वारा भी दक्षिण पश्चिम विधानसभा के कई मंदिरों में जाकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर उनकी आरती की गई एवं शिव बारात में सम्मिलित होकर सभी के लिए भोलेनाथ से सुख शांति की कामना की गई, शिव बारात का जगह-जगह फूलों की बरसात कर स्वागत किया गया और बड़ी संख्या में लोग शिव बारात में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि भगवान शिव बड़े भोले हैं और एक लोटे जल से ही प्रसन्न हो जाते हैं और सभी की मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मैं सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। और बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि हम सभी प्रदेशवासियों पर अपनी कृपा इसी प्रकार बनाए रखें।

# ओंकारेश्वर युवा उत्सव समिति ने श्याम नगर में निकाली शिव बारात





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

श्री ओंकारेश्वर युवा उत्सव समिति श्याम नगर द्वारा विशाल शिव बारात निकली मुख्य आयोजक राम राय ने बताया कि यह यात्रा श्याम नगर से हबीबगंज थाना होते हुए चार इमली होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची यात्रा में समस्त भक्तगण बाबा भोले की बारात में झूमते नाचते हुए मंदिर पर पहुंचे इस अवसर पर उनके समस्त साथी गण राहुल सिघेला धनराज बारस्कर, राजू सोनोने, अर्जुन, कैलाश, दुर्गेश, आशीष, अज़हर, संतोष, नवल, सचिन, अरविंद, लालू, रोहित, प्रेम, बंटी, दीपक, सुनील, द्वार भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया बारात का आयोजन पिछले सात सालों से किया जा रहा है, और इस वर्ष आठवा वर्ष था जो और काफी सफलतम और दर्शनीय रहा, शिव बारात को निकलने का मुख्य उद्देश्य शिव जी की असीम कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे और उनके आशीर्वाद से सभी में सद्भावना का प्रवेश और सनातन धर्म के प्रति लगाव बना रहे।

## प्रमोद पटेल प्रीमियर लीग का भव्य आयोजन




**भोपाल।** प्रतियोगिता प्रीमियर लीग का शुभारंभ -23 फरवरी 2025 मा. पी.सी. शर्मा मुख्य अतिथि, पूर्व मंत्री, विधायक द्वारा किया गया आयोजक कर्ता प्रमोद पटेल ने बताया कि प्रथम विजेता पुरस्कार 51001, मैन ऑफ़ द सीरीज 5001, रनर अप प्राइस 21001 रहेगा उपविजेता पुरस्कार मैन ऑफ द मैच शील्ड+टीशर्ट ग्राउंड - केरवा रोड, भवन्स भारती स्कूल के पास, नियर साक्षी ढाबा, भोपाल भूतेश्वर महादेव कंस्ट्रक्शन, सूरज नगर, सेवनिया गोंड, भोपाल इस अवसर पर प्रमोद पटेल बंटी मारण सौरभ पटेल तरुण कालू गगन सुरेश दुरुप आदि ने सभी खेल प्रेमियों से निवेदन किया कि टूर्नामेंट में भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन जरूर करें।

## संगीतमय भागवत कथा आज से

**भोपाल।** आर्ट लोक स्टूडियोज़ ऑफ़ रियलिस्टिक विजुअलाइज़ेशन संस्था द्वारा सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का आयोजन विकास कुंज , त्रिलंगा में 27 फरवरी से किया जा रहा है । इस आयोजन में भागवत कथा के साथ बच्चों के लिए राधा - कृष्ण वेशभूषा, नृत्य, गायन , मटकी सजाओ इत्यादि अनेक प्रतियोगिताएँ भी रखी गई है । संस्था द्वारा इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को इनाम तथा हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए जायेगे। इस धार्मिक आयोजन के लिए सर्च एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसाइटी भोपाल और डॉक्टर राजीव जैन द्वारा अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

# मानसरोवश्वर महादेव मंदिर में पंडित सुधीर व्यास का लाइव संकीर्तन




**भोपाल।** मानसरोवरेश्वर महादेव मंदिर, मानसरोवर पब्लिक स्कूल प्रांगण में पंडित सुधीर व्यास की लाइव परफॉर्मेंस पर भक्तगण झूमते नाचते नज़र आए। ये चमक ये दमक फेम व्यास जी ने प्रभु संकट हर लो मेरा गाने के साथ संकीर्तन शुरू किया। जिसके साथ ही श्रद्धालुगण भावविभोर हो उठे।

त्रिदेवों के देव महादेव का पर्व महाशिवरात्रि, मानसरोवर पब्लिक स्कूल प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। महाशिवरात्रि की सुबह मानसरोवरेश्वर महादेव मंदिर में रूद्राभिषेक और शिव जी के भव्य श्रृंगार के साथ पर्व का आगाज़ हुआ। वहीं अखंड रामायण पाठ और भजन गायन में श्रृद्धालू शिव भक्ति में लीन होकर फूलों की होली खेलते नज़र आए। जिसके सुंदर कांड पाठ के बाद म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। वहीं शाम को आयो शरण तुम्हारी, ये चमक ये दमक, शिव कैलाशों के वासी, भोला नई माने, आदि गीतों की प्रस्तुति पर भक्तगण झूमते रहे। दिन में सुंदर कांड पाठ के बाद बाद शिव बारात की तैयारियों में श्रृद्धालु गुलाबी साफा पहने सजे धजे नजर आए। शिव बारात में श्रद्धालु झूमते नाचते नज़र आए। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे भक्त जनों ने प्रसादी ग्रहण किया। इस दौरान मानसरोवर समूह की कुलाधिपति मंजुला तिवारी, प्रति कुलाधिपति गौरव तिवारी और निदेशक दिशा तिवारी सहित बड़ी संख्या में शहर के नामचीन गणमान्य अतिथिगण और मानसरोवर परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

मानसरोवरेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के महापर्व के समापन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन आज किया जाएगा। दोपहर एक बजे भंडारे के शुभारंभ से पहले मानसरोवरेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार और पूजन अर्चन किया जाएगा।

## मानसरोवर धाम भोलेनाथ के मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



**भोपाल।** मानसरोवर धाम विशाल भोलेनाथ के मंदिर में आज लाखों श्रद्धालुओं का लगता था महाशिवरात्रि के अवसर पर आज मंदिर के संचालक कश्यप जी ने बताया कि भगवान भोलेनाथ के महा रूद्र अवतार के रूप में आज भोलेनाथ को विशाल पगड़ी मा त्रिशूल के साथ आज इनका रुद्राभिषेक किया गया साथ ही आज इस अवसर पर लगभग 2 लाख श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष निशुल्क बांटी गई इस रुद्राक्ष की विशेषता यह है कि इसे पीले धागे में पहनने से भगवान भोलेनाथ की कृपा पूरे परिवार पर होती है आज इस अवसर पर सभी देशवासियों को मंदिर समिति की तरफ से भगवान भोलेनाथ शिवरात्रि शिव बारात की शुभकामनाएं दी।

## मार्केट व्यापारी महासंघ कोषाध्यक्ष खुराना का स्वागत

**भोपाल।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर न्यू मार्केट व्यापारी महासंघ के कोषाध्यक्ष महेश खुराना द्वारा मात्र 23 दिनों में माँ नर्मदा की संपूर्ण 3000 किलोमीटर परिक्रमा साइकिल से पूर्ण कर भोपाल एवं न्यू मार्केट का गौरव बढ़ाया। आज श्री खेड़ापति हनुमान मन्दिर ट्रस्ट एवं न्यू मार्केट व्यापारी महासंघ द्वारा शिवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर परिसर में उनका स्वागत किया गया।



## बर्फ से शिवलिंग बनाकर की पूजा अर्चना

**भोपाल।** श्री बाबा अमरनाथ समिति की 15 वी भव्य शिव बारात बड़ी धूमधाम से निकाली गई जो शिव मंदिर आदर्श नगर सेवा बस्ती से सुरु होकर कुंज़न ,वैसनव परिसर,कृष्णा मार्केट, राजा भोज,मेन रोड बाग सेवानिया होते हुए भोले चौराहे पर शिव पार्वती विवाह के बाद साबूदाना की खीर का प्रसाद वितरण किया गया, जगह जगह बारात का फूल माला और प्रसादी से भव्य स्वागत किया गया बारात में भोले भक्तों गणमान्य नागरिको के साथ ही किन्नर संस्था की गुरु रेशमा जी के साथ सभी लोगों ने बारात में नाच गानो पर नाचे साथ ही प्रसादी वितरण में सहयोग एक सराहनीय रहा साथ ही, भारत सिंह, शैलेन्द्र अनजाने, राजकुमार,जानकी प्रसाद विश्वकर्मा, मुकेश,तरुण,दिनेश शिंदे, चित्रांस,आशीष, लचक्षु,उक्त जानकारी समिति प्रदेश अध्यक्ष रामविलास टाले गुर्जर द्वारा दी गई।



# नींद जीवन की महत्वपूर्ण क्रिया है, नित्य योग निद्रा का अभ्यास करना चाहिए: योग गुरु



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने सदस्यों को योग अभ्यास के साथ योग निद्रा का महत्व बताया। योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि योगनिद्रा का मतलब होता है अतीन्द्रिय निद्रा। यह वह नींद है जिसमें जागते हुए सोना है। यह निद्रा और जागृति के मध्य की स्थिति है। यह हमारी आन्तरिक जागरूकता की स्थिति है। इसमें हम चेतना, अवचेतन मन और उच्च चेतना से सम्बन्ध स्थापित करते हैं। अभ्यास की प्रारम्भिक स्थिति में किसी बोलने वाले का होना आवश्यक है। इसके लिए यदि सम्भव हो तो टेप रिकार्डर का इस्तेमाल किया जा सकता है। आगे चलकर जब आपको निर्देश याद हो जायेंगे तो आप स्वयं ही अकेले में अभ्यास कर सकते हैं। योगनिद्रा में अभ्यासी गहन शिथिलन की स्थिति में पहुँच जाता है। नींद की प्रारम्भिक तैयारी के रूप में भी इसका अभ्यास किया जाता है। बहुत से लोग यह नहीं जानते कि किस तरह सोना चाहिए। वे अनेक प्रकार की चिन्ताओं का बोझ लिए हुए अपनी समस्याओं पर विचार करते हुए सो जाते हैं। नींद में भी उनका मन सक्रिय तथा शरीर तनावपूर्ण रहता है। जब वे सोकर उठते हैं, तो उन्हें थकान लगती है। नींद के द्वारा उन्हें विश्राम नहीं मिल पाता। बहुत मुश्किल से कोशिश करते-करते वे आधे घण्टे के बाद बिस्तर से उठते है। अतः हर व्यक्ति को वैज्ञानिक ढंग से सोने की कला सीखनी चाहिए। सोने के पहले योगनिद्रा का अभ्यास करें। इससे सम्पूर्ण शरीर और मन शिथिल हो जायेगा। नींद गहरी आयेगी और कम समय में पूरी हो जायेगी और जागने पर आप ताजगी एवं स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। योगनिद्रा के अभ्यास में शारीरिक केन्द्रों की स्थिति अन्तर्मुखी हो जाती है। इसी को प्रत्याहार कहते हैं। जब मन किसी केन्द्र पर एकाग्र हो जाता है, तब रक्त, प्राणशक्ति आदि भी उसी स्थान पर केन्द्रित हो जाते हैं। सभी इन्द्रियाँ उस केन्द्र पर वापस लौट जाती हैं।

# जगह-जगह हुए धार्मिक आयोजन, बैरागढ़ मुख्य मार्ग से निकली भव्य शिव बारात

## उमापति महादेव मंदिर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर लगभग 53 वर्षों से संत हिरदाराम नगर के स्टेशन रोड स्थित उमापति महादेव मंदिर में प्रतिवर्ष 2 दिन तक सिंधी भगत का आयोजन किया जाता है यह अलग-अलग शहरों से सिंधी भगत मंडलियों द्वारा सिंधी भगत का आयोजन किया जाता है महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय मेले का शुभारंभ मंदिर सेवादारी चंद्र कुमार रामचंदानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष मांधु चांदवानी, महासचिव नंद ददलानी, पार्षद अशोक मारण, समाजसेवी हीरो केसवानी सहित गणमान्य नागरिकों द्वारा भगवान शिव का अभिषेक कर मेले का शुभारंभ किया वहीं महाशिवरात्रि पर आम भण्डारें का आयोजन किया गया।



**महाशिवरात्रि महोत्सव पर भव्य जागरण एवं अघोरी लीलाएं:** महाकाल सेना समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य जागरण एवं अघोरी लीलाओं का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम चंचल रोड, मिनी मार्केट में आयोजित किया गया जहां पर गौरव श्रीवास्तव, नमृता कुशवाह, चेतन शर्मा ने प्रस्तुतियां दी। महाशिवरात्रि के अवसर पर पंचामृत अभिषेक, हवन एवं आम भण्डारे का आयोजन किया गया।

### मुख्य मार्ग से निकली शिव बारात, जगह-जगह हुआ स्वागत

बेहटागांव स्थित संकट मोचन खेड़ापति हनुमान मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव अभिषेक हवन पूजन आरती की गई। उसके बाद दोपहर 1 बजे मंदिर प्रंगण से विशाल शिव बारात निकाली गई। जिसमें उज्जैन की डमरू पार्टी और हाथी घोड़े डीजे ढोल की थाप पर श्रद्धालु नाचते गाते हुए चल रहे थे। शिव बारात में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां और जगह-जगह पर शिव बारात का सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया। संत नगर की परिक्रमा के बाद वापस मंदिर में शिव बारत का समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

# उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री शेखावत ने 125 दिवसीय विक्रमोत्सव एवं विक्रम व्यापार मेले का शुभारंभ किया

**उज्जैन।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उज्जैन में विक्रमोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उत्सव का उद्घाटन किया। यह उत्सव विक्रमादित्य, उनके स्वर्णिम युग, भारत के उत्कर्ष, नवजागरण और भारतीय विद्या को समर्पित है।

विक्रमोत्सव का पहला चरण 30 मार्च 2025 को वर्ष प्रतिपदा के दिन संपन्न होगा। इसी दिन जल गंगा संवर्धन अभियान की भी शुरुआत होगी। यह अभियान 30 जून 2025 तक चलेगा और मध्यप्रदेश की नदियों, तालाबों और जल संरचनाओं के संरक्षण पर केंद्रित होगा। इस अवसर पर सिंहस्थ 2028 की रूपरेखा का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर शिवमणि और हंसराज रघुवंशी ने संगीतमय प्रस्तुतियां देंगे।



### विक्रमोत्सव में होंगे ये कार्यक्रम

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि विक्रमोत्सव की शुरुआत कलश यात्रा के साथ होगी। इस यात्रा में विंटेज कार, स्पोर्ट्स बाइक और जनजातीय कलाकारों ने भाग लेंगे। इसके अलावा, मध्यप्रदेश के 51 प्रमुख महाशिवरात्रि मेलों का भी शुभारंभ किया गया। सिंहस्थ 2028 की रूपरेखा का भी लोकार्पण किया गया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें शिवोह्मम-अनहद, शिवादल, भोपाल, आनंदन शिवमणि और उनके दल, और हंसराज रघुवंशी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

### दो प्रमुख प्रस्तुतियां

शुभारंभ के अवसर पर दो प्रमुख कलाकारों, आनंदन शिवमणि और हंसराज रघुवंशी भक्ति संगीत की प्रस्तुतियां देंगे। आनंदन शिवमणि एक प्रसिद्ध तालवाद्य कलाकार हैं, जो ढोलक, तबला, ड्रम और अन्य वाद्य यंत्रों को बजाने में माहिर हैं। वे भक्ति संगीत, विशेषकर शिव भक्ति से जुड़े संगीत के लिए जाने जाते हैं। उनकी प्रसिद्ध रचनाओं में शिव तांडव शामिल है। हंसराज रघुवंशी एक जाने-माने भजन गायक, लेखक और संगीतकार हैं। वे भगवान शिव के भजनों के लिए प्रसिद्ध हैं। उनका भजन मेरा भोला है भंडारी काफी लोकप्रिय हुआ है।

## ईडीआईआई द्वारा उद्यमिता पर 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन आयोजित

**अहमदाबाद।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद का 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन (3-दिवसीय) 26 फरवरी को संस्थान के परिसर में शुरू हुआ। उद्यमिता परआधारित तीन दिवसीय सम्मेलन 28 फरवरी को समापन होगा। यह सम्मेलन शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अभ्यासकर्ता के लिए एक मंच है ताकि वे उद्यमिता विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध अध्ययन और निष्कर्ष साझा कर सकें। ईडीआईआई 1994 से उद्यमिता पर द्विवार्षिक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन के दौरान,9 से अधिक देशों के विद्वानों द्वारा उद्यमिता सिद्धांत और व्यवहार;उद्यमिता शिक्षा; उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र;मनोविज्ञान और उद्यमिता;एमएसएमई उद्यमिता;प्रौद्योगिकी और डिजिटल उद्यमिता;स्टार्टअप और नवाचार;हरित और स्थायी उद्यमिता;सामाजिक उद्यमिता;संस्कृति, परंपरा और मूल्य आधारित उद्यमिता;महिला उद्यमिता; ग्रामीण उद्यमिता एवं नवजात उद्यमिता और नए उद्यम निर्माण और पारिवारिक व्यवसाय के विषयों पर 148 शोध पत्र और अध्ययन प्रस्तुत किए गए।सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि, प्रोफेसर (डॉ.) टी.वी. राव, फाउन्डर और चेयरमेन, टी. वी. राव लर्निंग सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद और भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद के पूर्व प्रोफेसर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा, आज की गतिशील अर्थव्यवस्था में, आर्थिक विकास और व्यावसायिक उन्नति को चलाने के लिए उद्यमिता विकास महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि उद्यमिता एक मिशन है, एक शक्तिशाली बल जहां व्यक्ति वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाते हैं और सभी के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करते है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए, डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई ने कहा, द्विवार्षिक सम्मेलन लगातार दुनिया भर के शोधकर्ताओं और शिक्षकों को एक मंच प्रदान करता है, ताकि वे अपने विचारों और नवाचारों को साझा कर सकें जो उद्यमिता की जटिलताओं को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# मप्र में पर्यटन के स्वर्ण युग का आरंभ हुआ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हिंदुस्तान के दिल मध्यप्रदेश की समृद्ध प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विविधता के कारण देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में गिना जाता है। यहाँ के घने जंगल, दुर्लभ वन्य जीव, ऐतिहासिक किले, प्राचीन मंदिर और जीवंत संस्कृति हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और योजनाओं के कारण न केवल पर्यटन क्षेत्र में निवेश बढ़ा है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से मध्यप्रदेश भारत के शीर्ष पर्यटन स्थलों में अपनी अलग पहचान बना चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी स्वयं बता चुके हैं कि मध्यप्रदेश को एक विदेशी मैग्जीन ने दुनिया की श्रेष्ठ टूरिज्म डेस्टिनेशन में से एक माना है। राज्य सरकार की योजनाओं से राज्य की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को संरक्षण मिल रहा है। साथ ही इससे प्रदेश वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर सशक्त पहचान स्थापित कर रहा है। राज्य में 24 वन्यजीव अभयारण्य, 12 राष्ट्रीय उद्यान, 9 टाइगर रिज़र्व और 14 विश्व धरोहर स्थल स्थित हैं, जो इसे भारत के सबसे समृद्ध जैव विविधता वाले राज्यों में शामिल करते हैं। इसके अलावा, 12 ज्योतिर्लिंगो में एक मात्र उज्जैन का दक्षिणमुखी महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग श्रद्धालुओं के लिए अगाध आस्था के केंद्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया है कि राज्य सरकार पर्यटन को नए आयाम देने के लिए व्यापक स्तर पर काम कर रही है। पर्यटन परियोजनाओं के लिए 758 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई गई है, जिसमें से 358 हेक्टेयर भूमि 39 निवेशकों को आवंटित की जा चुकी है। इससे राज्य में कई नए होटल, रिसॉर्ट, गोल्फ कोर्स और आधुनिक सुविधाएं विकसित हो रही हैं।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा लागू की गई पर्यटन नीति-2025 और फिल्म पर्यटन नीति 2025 निवेशकों और उद्यमियों के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत कर रही हैं। इन नीतियों के कारण पर्यटन क्षेत्र में 3 हजार 372 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आये हैं। इससे 50 हजार 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। मध्यप्रदेश अपनी प्राकृतिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के कारण फिल्म निर्माताओं की फेवरेट शूटिंग डेस्टिनेशन बन चुका है। राज्य में 185 से अधिक फिल्मों और 40 अन्य प्रोजेक्ट्स की शूटिंग की जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उम्मीद जताई है कि सरकार द्वारा दी जा रही विशेष सुविधाओं और अनुदानों के कारण आने वाले वर्षों में फिल्म पर्यटन और अधिक बढ़ेगा।

# जीआईएस राज्य के डिजिटल भविष्य के लिए मील का पत्थर: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### टैक्नोलॉजी हब बनने की ओर अग्रसर है मध्यप्रदेश

### आईटी क्षेत्र में 64 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) भोपाल में कहा है कि देश के विकास में 3टी-टैक्सटाइल, टूरिज्म, टेक्नोलॉजी की विशेष भूमिका रहेगी। मध्यप्रदेश अब पारंपरिक औद्योगिक राज्य नहीं, बल्कि भारत में टैक्नोलॉजी और इनोवेशन का हब बनने की ओर अग्रसर है। जीआईएस में पहली बार आईटी एवं टैक्नोलॉजी समिट का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह आयोजन राज्य के डिजिटल भविष्य के लिये मील का पत्थर साबित होगा। इस समिट में राज्य को टेक्नोलॉजी के नये केन्द्र के रूप में स्थापित किया। समिट में दुनिया के टेक लीडर्स, उद्योग विशेषज्ञों, निवेशको, इनोवेटर्स और स्टार्ट-अप्स आदि ने भाग लिया। राज्य को आईटी क्षेत्र में 64 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये। इससे प्रदेश में 1.8 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इन रोजगारों में युवाओं की भागीदारी सर्वाधिक रहेगी। टेक कंपनियों जैसे डिजिटल कन्वर्जेंस टेक्नोलॉजीज, थोलोन्स, एलसीना, श्रीटेक, केन्स टेक्नोलॉजी और बियॉन्ड स्टूडियोज आदि ने राज्य में निवेश किया है। ग्लोबल टेक कंपनियों ने भी मध्यप्रदेश में निवेश की रूचि दिखाई, जिनमें आईबीएम, माइक्रोसॉफ्ट, बारक्लेज जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। राज्य के तकनीकी इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिये इन कंपनियों से एमओयू भी किये गये। इससे टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट और इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा।




जीआईएस भोपाल को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिये पहली बार 6 विभागीय समिट का आयोजन किया गया। आईटी एवं टेक्नोलॉजी समिट में उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप के लिये 4 विशेष सत्र आयोजित किये गये। इस समिट में सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग के साथ उद्योगों के विशेषज्ञों ने सीधे संवाद किया, राज्य की नीतियों पर चर्चा की और निवेश के नये अवसरों की रूपरेखा तय की। समिट में इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिलाइन एंड मैन्यूफैक्चरिंग, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, इनिमेशन विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी, सेमीकंडक्टर और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते विषयों पर राज्य की सम्भावित रणनीतियों पर चर्चा की गई। राज्य सरकार ने सेमीकंडक्टर मैनुफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने और ड्रोन टेक्नोलॉजी को प्रोत्साहित करने के लिये विशेष कदम उठाये हैं।

जीआईएस- भोपाल में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग की नवीन पॉलिसी को भी लॉन्च किया। प्रदेश को आईटी क्षेत्र निवेश अनुकूल बनाने के लिये मध्यप्रदेश एनीमेशन, वीआर, गेमिंग कामिक्स और विस्तारित रियलिटि नीति- 2025, जीसीसी नीति- 2025, सेमी कंडक्टर नीति- 2025 और ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति- 2025 को लॉन्च किया गया। इन नीतियों में आईटी एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र निवेश आकर्षित करने के लिये वित्तीय एवं गैर वित्तीय प्रावधान किये गये हैं। भविष्य की संभावनाओं का ध्यान रखते हुये इन नीतियों को व्यापक और दूरदर्शी बनाया गया। आईटी उद्योगों के विशेषज्ञों द्वारा राज्य की नीतियों की सराहना विभागीय समिट के दौरान की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आईटी और टेक्नोलॉजी सेक्टर में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए नए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। इनमें एआई, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, ब्लॉक चेन और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी अत्याधिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जीआईएस- भोपाल ने निवेश आकर्षित करने साथ ही विचार मंथन, नीति निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर प्रदान किया। विकसित भारत के साथ विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिये आईटी क्षेत्र मध्यप्रदेश को निवेश, नवाचार और अवसरों की नई ऊंचाईयों तक ले जायेगा।

# स्टार्ट-अप पिचिंग सेशन ने जीआईएस में नवाचार को बढ़ावा दिया

**भोपाल।** भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में फ्यूचर फ्रंटियर स्टार्ट-अप पिचिंग सेशन नवोदित उद्यमियों, निवेशकों और उद्योग जगत के दिग्गजों के लिए एक गेम-चेंजर मंच साबित हुआ। इससे भविष्य की एक नई तस्वीर उभरी है। स्टार्ट-अप पिचिंग सेशन ने नवाचार और व्यापारिक विकास को प्रोत्साहित करने वाले माहौल को मजबूत किया। कुल 180 स्टार्ट-अप ने पंजीकरण कराया जो मध्यप्रदेश के उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम की जीवंतता और आर्थिक परिवर्तन की क्षमता को दर्शाता है। इनमें से 25 उच्च-संभावित स्टार्ट-अप को अपने वेंचर प्रस्तुत करने के लिए चुना गया, जहां उन्हें मूल्यवान मार्गदर्शन और निवेश अवसर प्राप्त हुए। स्टार्ट-अप पिचिंग सेशन में प्रतिष्ठित निवेशकों, उद्योग विशेषज्ञों और इनक्यूबेटर्स ने भाग लिया।इस सत्र में रोनाल्डो फर्नांडिस (सीईओ, एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन), अपूर्व गैवक (निदेशक, एसजीआईटीएस इनक्यूबेशन फोरम), फिरोज खान सूरी (सीईओ, आईआईसीई, आईआईएसईआर-भोपाल), अजय जैन (मैनेजिंग पार्टनर, सिल्वर नीडल वेंचर्स), राजेश सहगल (मैनेजिंग डायरेक्टर, इक्कैनिमिटी इन्वेस्टमेंट्स), बीना त्रिवेदी (पार्टनर, आईटीआई ग्रोथ अपॉर्च्युनिटीज फंड्स), अंशुमान शर्मा (जनरल मैनेजर, वीएएसपीएल इनिशिएटिव्स प्रा. लि.), अमृता शिंगवेकर (संस्थापक, ईज़ीसीड), आयुष दुबे (हेड इनक्यूबेशन और पार्टनरशिप्स, वेंचर कैटालिस्ट्स प्रा. लि.), मयुरेश राऊत (सह-संस्थापक एवं मैनेजिंग पार्टनर, सीफंड) शामिल हुए। इन विशेषज्ञों ने स्टार्ट-अप के व्यावसायिक मॉडल, बाजार क्षमता और निवेश योग्यता का आकलन किया और उन्हें मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया। स्टार्ट-अप पिचिंग सेशन में निवेशकों और इनक्यूबेटर्स ने अत्यधिक रुचि दिखाई, जिसमें 19 स्टार्ट-अप को जूरी सदस्यों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट प्राप्त हुए। आईआईसीई ने 4 स्टार्ट-अप में रुचि दिखाई, एसजीएसआईटीएस ने 3 स्टार्ट-अप में, सिल्वर नीडल वेंचर्स ने 3 स्टार्ट-अप में, आईटीआई ग्रोथ ने 3 स्टार्ट-अप में, ईज़ीसीड ने 7 स्टार्ट-अप में, सीफंड ने 3 स्टार्ट-अप में, वेंचर कैटालिस्ट्स ने 10 स्टार्ट-अप में, वीएएसपीएल इनिशिएटिव्स ने 4 स्टार्ट-अप में, एआईस-आरएनटीयू ने 5 स्टार्ट-अप में तथा इक्कैनिमिटी इन्वेस्टमेंट्स ने 5 स्टार्ट-अप में अपनी रुचि दिखाई।

ईओआई प्राप्त करने वाले स्टार्ट-अप ब्रेन वेव्स टेक प्रा. लि., एसजेटेक सॉल्यूशंस प्रा. लि., जमना हेल्थटेक प्रा. लि., 34 आइडियाज थिंकलैब प्रा. लि., ग्रंथज्योति प्रा. लि., पिनाक इन्फोसेक प्रा. लि., इलेक्ट्रिका एनर्जी प्रा. लि., रोडग्रिड इंडिया प्रा. लि., प्रामा एंजिटेक, खेओनी वेंचर्स प्रा. लि., व्योम बायोटेक प्रा. लि., क्रेसेन्ज़ा एंटरप्राइज़ प्रा. लि., कांता पब्लिकेशन एलएलपी, आदि सिद्धांश इंडस्ट्रीज प्रा. लि., स्नेह केयर क्लब प्रा. लि., अनंतश्री व्हीकल्स प्रा. लि., ओस्टियोक्योर हेल्थकेयर प्रा. लि., ऑक्टोमेन टेक्नोलॉजी प्रा. लि. और महाकाल.कॉम (महाकाल एस्ट्रोटेक (ओपीसी) प्रा. लि शामिल है।

## देश की पहली मालवी प्रेम कहानी का 28 फरवरी को भोपाल में ऑडिशन

**भोपाल।** राठौर फिल्म एंड एंटर टेनमेंट के बैनर तले मालवा की पहली रोमांटिक फिल्म थारो म्हारो प्रेम का ऑडिशन भोपाल क्षेत्र के रंगकर्मियों के लिए 28 फरवरी को नाइन मसाला रेस्टोरेंट में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक रखा गया है । कार्यक्रम का शुभारंभ श्री आशीष अग्रवाल (प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी)द्वारा किया जाएगा ।इस अवसर पर क्षेत्र के स्थानीय कलाकार उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश प्रेस क्लब के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार डॉ.नवीन आनंद जोशी, रॉयल प्रेस क्लब भोपाल के पत्रकार पंकज भदौरिया , निर्माता निर्देशक राठौर द्वारा फिल्म की जानकारी दी जाएगी। इस फिल्म के मंदसौर उज्जैन में ऑडिशन हो चुके हैं भोपाल के बाद रतलाम में होगा ,फिर झाबुआ होगा ।इस फिल्म में मालवा के स्थानीय कलाकारों को प्रमुखता से लिया जा रहा है साथ ही साथ बॉलीवुड के प्रसिद्ध कलाकार फिल्म में रहेंगे । पिछले सप्ताह फिल्म का प्रोमो मंदसौर लदुना पशुपतिनाथ देव डूंगरी माताजी पर फर्स्ट शेड्यूल के संपन्न किया गया, राजेंद्र राठौड़ द्वारा पूर्व में फिल्म कुंवारापुर बनाई गई थी फिल्म को टैक्स फ्री करने के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन किया है कि क्षेत्रीय सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय सिनेमा को विशेष अनुदान दिया जाए । मध्य प्रदेश शासन द्वारा इस प्रस्ताव को कैबिनेट में मंजूर कर लिया गया है, राजेंद्र राठौड़ द्वारा मुख्यमंत्री मोहन जी यादव और मध्य शासन को पूरे प्रदेश के कलाकारों की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद । सरकार की इस पहल से क्षेत्रीय सिनेमा को बढ़ावा मिलेगा और लोकल फिल्मों का निर्माण होगा जिससे हमारे स्थानीय कलाकारों को घर बैठे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे ।थारो म्हारो प्रेम एक सामाजिक मुद्दों पर मालवा की संस्कृति रीति रिवाज को प्रदर्शित करते हुए कई सामाजिक मुद्दों पर संदेश देती हुई, पारिवारिक महिला प्रधान फिल्म है। भोपाल और आसपास के क्षेत्र में जो भी कलाकार मालवी बोली को जानते हैं या मालवी संस्कृति से रूबरू है वह जरूर इस ऑडिशन में हिस्सा ले ।निदेशक राजेंद्र राठौर द्वारा प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल से मिलकर पूरी फिल्म की रूपरेखा बताई और उनसे मार्गदर्शन लिया इस अवसर पर दूरदर्शन के पूर्व तकनीकी निदेशक एवं कलाकार प्रदीप शिवम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

# महाशिवरात्रि पर रीवा में निकली भव्य शिव बारात, उप मुख्यमंत्री शुक्ल हुए शामिल

### विश्वेश्वरनाथ मंदिर में सपत्नीक किया महादेव का अभिषेक

**भोपाल।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रीवा शहर में भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात का आयोजन किया गया। बैजू धर्मशाला प्रांगण से प्रारंभ हुई इस बारात में धर्मध्वजा, शहनाई, नगड़िया, ढोल-नगाड़े, घोड़ा, बग्घी एवं आकर्षक झांकियों के साथ श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। शहर के विभिन्न मार्गों से गुज़रते हुए यह शोभायात्रा भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम बनी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल इस पावन आयोजन में सम्मिलित हुए। उन्होंने शिव बारात में शामिल होकर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की और समस्त श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पधारे पूज्य श्री बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज से उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने आशीर्वाद प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने धर्मपत्नी के साथ गृह ग्राम ढेरा स्थित विश्वेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इस पावन अवसर पर पूज्य स्वामी श्री बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज, सांसद श्री जनार्दन मिश्र, देवतालाब विधायक गिरीश गौतम, मनगवां विधायक इंजी. नरेंद्र प्रजापति, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।





## हिंदी के प्रख्यात रचनाकार गोविंद मिश्र और गुजराती के विख्यात लेखक सितांशु यशचंद्र को दिया जाएगा सर्वोच्च शब्द सम्मान आकाशदीप

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

हिंदी के प्रख्यात रचनाकार गोविंद मिश्र और गुजराती के विख्यात लेखक सितांशु यशचंद्र को दिया जाएगा। 1 अगस्त, 1939 को उत्तर प्रदेश के बांदा में जन्मे गोविंद मिश्र को हिंदी लेखन क्षेत्र में अद्वितीय अवदान के लिए यह सम्मान अर्पित होगा। वहीं, 19 अगस्त, 1941 को कच्छ, गुजरात में जन्मे सितांशु यशश्चंद्र को गुजराती भाषा के आधुनिक कला-साहित्य में अप्रतिम योगदान के लिए चुना गया है।



**श्रेष्ठ कृति सम्मान:** वर्ष 2023 में प्रकाशित श्रेष्ठ हिंदी कृतियों के लिए भी शब्द सम्मान की घोषणा कर दी गई है। इन सम्मानों में एक-एक लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र और गंगा प्रतिमा सम्मिलित हैं। छाप (कथा) युगल जोशी, छाप (कथेतर) ध्रुव शुक्ल, छाप (कविता) ज्योति चावला, थाप (पहली किताब) किंशुक गुप्ता और भाषा-बंधु (अनुवाद) सुभाष नीरव। सर्वोच्च 'आकाशदीप' अलंकरण हिंदी और अन्य भारतीय भाषा के एक-एक साहित्य मनीषी को अर्पित किया जाता है। इस क्रम में अब तक हिंदी के लिए नामवर सिंह, ज्ञानरंजन, विश्वनाथ त्रिपाठी, शेखर जोशी तथा विनोद कुमार शुक्ल को और हिंदीतर भाषाओं के लिए गिरीश कारनाड (कन्नड़), भालचंद्र नेमाड़े (मराठी), शंख घोष (बांग्ला), प्रतिभा राय (उड़िया) तथा एमटी वासुदेवन नायर (मलयालम) को सर्वोच्च सम्मान दिया जा चुका है। आकाशदीप' अलंकरण में पांच-पांच लाख रुपये की राशि, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक के रूप में गंगा प्रतिमा सम्मिलित हैं।

# कैग की रपट कोई अदालती वारंट भी नहीं

दिल्ली अर्द्धराज्य की नई भाजपा सरकार नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रपटों पर बहुत फुनफुना रही है। ऐसा आभास दिया जा रहा है कि इधर कैग रपटों को विधानसभा में पेश किया जाएगा, उधर प्राथमिक विश्लेषण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। जनता और नौसीखिया मीडिया को इतना भ्रमित न करें। कैग की रपट सदन में पेश करना एक संवैधानिक बाध्यता है। यह सिर्फ सरकारी हिसाब-किताब की व्यवस्था है कि सरकार ने खर्च ठीक किए अथवा आनुपातिक तौर पर गलत किए गए। सरकार के आर्थिक फैसलों और कामकाज में क्या अनियमितताएं हैं, कैग उन पर सवाल उठा सकता है, लेकिन कैग का काम घाटा, नुकसान आदि बताना नहीं है और न ही वह घूस, भ्रष्टाचार आदि का उल्लेख कर सकता है। यह अन्य एजेंसियों का संवैधानिक दायित्व है। कैग की रपट कोई अदालती वारंट भी नहीं है कि पिछली सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्रियों को जेल में डाला जा सके। यदि ऐसा होता, तो महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात सरीखे राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री समेत केंद्रीय वित्त मंत्री भी जेल में होने चाहिए थे। कैग ने उन पर भी गड़बडियों या ज्यादा, फिजूलखर्ची के सवाल उठाए हैं। दिल्ली की नई-नवेली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शराब घोटाले से जुड़ी कैग की रपट विधानसभा में पेश की है। अभी 13 और रपटें हैं, जिन्हें पेश किया जाना है। उनमें 6 रपटें ऐसी बताई जाती हैं, जो करीब 500 दिनों से धूल फांक रही हैं, क्योंकि उन्हें सदन में पेश नहीं किया गया।

केजरीवाल और आतिशी सरकार ने यह महत्वपूर्ण संवैधानिक गलती की है। कैग केंद्र सरकार सहित सभी राज्यों के खर्च का 'ऑडिट' करता है। यह संवैधानिक जनादेश है, लेकिन यह सिर्फ हिसाब-किताब की समीक्षा भर है। हमने कैग की रपटों को संसद के गलियारों और उनके बाहर रद्दी की तरह पड़े देखा है। संसद में इन रपटों पर बहस देखना-सुनना तो वाकई दुर्लभ रहा है। जरा याद करें, कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान की कैग रपटें और तत्कालीन प्रमुख विनोद रॉय के सनसनीखेज खुलासे! वह जब भी कुछ खुलासे करते, तो 1.78 लाख करोड़ रुपए तक के 2जी स्पेक्ट्रम, कोयला खदान आवंटन, राष्ट्रमंडल खेल, पनडुब्बी खरीद सरीखे घोटालों की बौछार होती थी। अखबारों में 8 कॉलम की बैनर खबरें छपती थीं। वामदलों और भाजपा ने संसद के भीतर और बाहर कोहराम मचा रखा था। बेशक तत्कालीन संचार मंत्री ए. राजा और द्रमुक मुख्यमंत्री करुणानिधि की सांसद-बेटी कनिमोझी आदि कुछ नेताओं की गिरफ्तारियां जरूर हुईं, लेकिन कुछ समय बाद अदालत ने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया। अंततः वे कैग रपटें 'खोदा पहाड़, निकली चुहिया, वो भी मरी हुई' साबित हुईं। तत्कालीन कैग प्रमुख विनोद रॉय ने जो गंभीर गलतियां की थीं, उन्हें एक बार फिर दोहराया जा रहा है। केजरीवाल सरकार की शराब नीति और कथित घोटाले का मुद्दा अदालत के विचाराधीन है। सर्वोच्च अदालत ने तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह आदि को पूर्ण जमानत पर रिहा किया हुआ है। केजरीवाल, सिसोदिया आदि के लिए चोर, लुटेरे, बर्बाद, घोटालेबाज आदि शब्दों का प्रयोग अनैतिक है।

# क्या भाजपा एक नए क्षेत्रीय हिंदुत्व आइकॉन की तलाश में है?



**रंजन श्रीवास्तव**

क्या भाजपा वर्ष 2029 में होने वाले लोक सभा चुनावों से पहले किसी बड़े क्षेत्रीय हिंदुत्व आइकॉन की तलाश में है जो खासकर उत्तर प्रदेश में भाजपा के खोये हुए जनाधार को फिर से वापस ले आए और मध्य प्रदेश में पार्टी के जनाधार को मजबूती से बनाये रख सके।

देखना यह है कि 2029 के चुनावों में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के पीएम फेस बने रहते हैं या नहीं, पर दोनों ही परिस्थितियों में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के मन में 2024 के परिणाम पीछा करते रहेंगे जबकि भाजपा उत्तर प्रदेश में 63 सीट से नीचे आकर 33 सीट पर सिमट गयी और पूरे देश में 400 पार के नारे के बावजूद 240 सीट पर सिमट गयी। पार्टी का उत्तर प्रदेश में अंकगणित खराब हुआ, इस बात के बावजूद कि भाजपा यहाँ डबल इंजन के सरकार की बात लगातार करती रही और योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व ब्रांड के एक प्रमुख चेहरा बने रहे।

यह सोचना कि भाजपा 2029 के चुनावों में हिंदुत्व के नैरेटिव पर चुनाव नहीं लड़ेगी महज एक अकादमिक चर्चा के लिए तो ठीक है पर वास्तविकता में ऐसा होगा नहीं। इसके बावजूद भी पार्टी नहीं चाहेगी कि उत्तर प्रदेश में वही परिणाम दुहराए जाएँ जो परिणाम 2024 में आए थे। 2029 के पहले उत्तर प्रदेश में 2027 में और मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 2028 में विधान सभा चुनाव होंगे। मगर विधान सभा के परिणाम का इंतज़ार करने के बजाय भाजपा अभी से अपना चुनावी गणित विशेषकर उत्तर प्रदेश में ठीक करने में लगी है। प्रयागराज में महाकुम्भ 144 साल बाद आयोजित हो रहा है, यह बात केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों के द्वारा प्रचारित की गई। परिणामस्वरूप पूरे देश से हिन्दुओं की आस्था का सैलाब प्रयागराज की तरफ उमड़ पड़ा। महाकुम्भ में भगदड़ और मौतें और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए भगदड़ और मौतों ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों की व्यवस्थाओं पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा दिया पर फिर भी जनता इसको लेकर सरकारों के खिलाफ आंदोलित हो गयी हो ऐसा दिखा नहीं। पर आस्था का सैलाब 2029 में वोटों के अंकगणित में बदल जाए और 400 पार का नारा चरितार्थ हो जाए इस बात पर विश्वास करके पार्टी अपनी चुनावी रणनीति नहीं बना सकती।

पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व किसी किन्तु परन्तु की बजाय ऐसे ठोस रणनीति पर काम करना चाहेगा या काम कर रहा है जिससे उसे 2029 में पूर्ण बहुमत मिले और चौथी बार लगातार सरकार बनाने के लिए जदयू या टीडीपी जैसे किसी बैसाखी की जरूरत ना पड़े। इसलिए भाजपा अपने हिंदुत्व की धार को और तेज करना चाहेगी और उसके लिए एक ऐसे चेहरे की जरूरत पड़ सकती है जो पहले से आजमाया हुआ ना हो और हिन्दुओं के बड़े वर्ग में उसकी स्वीकारोक्ति हो। तो क्या अब बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री भाजपा के नए हिंदुत्व आइकॉन या अस्त्र हो सकते हैं? जिस तरह से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में जाने का प्रोग्राम बनाया और धीरेन्द्र शास्त्री को अपना छोटा भाई बताते हुए उन पर अपना स्नेह उड़ेला उससे तो यही लगता है कि भाजपा नेतृत्व उनकी बढ़ती हुयी लोकप्रियता को देखते हुए उनसे चमत्कृत है। प्रधान मंत्री ने बागेश्वर धाम में बालाजी सरकार कैंसर इंस्टीट्यूट का शिलान्यास ही नहीं किया बल्कि वहां एक जनसभा को भी सम्बोधित किया। अप्रत्यक्ष रूप से प्रधान मंत्री ने धीरेन्द्र शास्त्री के पर्ची निकालने विधा की प्रशंसा तक की। उन्होंने धीरेन्द्र शास्त्री की माताजी से यह कहा कि उनके मन में चल रही बात की पर्ची उनके पास है और वह यह कि वे अपने बेटे की शादी देखना चाहती हैं। इन पक्तियों को लिखे जाने तक भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी बागेश्वर धाम पहुँच चुकी हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी वहां जा चुके हैं और धीरेन्द्र शास्त्री की प्रशंसा कर चुके हैं। धीरेन्द्र शास्त्री अपने मंचों से हिन्दू राष्ट्र की वकालत करते रहे हैं। भाजपा इसपर अपनी मुहर तो नहीं लगाती पर उसकी चुनावी राजनीति में ऐसे नारे या भाषण उसको सम्बल ही प्रदान करते हैं।

तर्कवादियों की नज़र में धीरेन्द्र शास्त्री की विधा सिर्फ एक ढोंग है। 2023 में उनके महाराष्ट्र दौरे के दौरान तर्कवादियों ने उन्हें उनकी सिद्धि को साबित करने की चुनौती दी थी। पर धीरेन्द्र शास्त्री वहां से वापस चले आए और दावा किया कि वो मैदान छोड़कर नहीं भागे बल्कि उनकी वहां से वापस आने का प्लान पूर्व निर्धारित था। पिछले वर्ष गुरुशरण महाराज (पंडोखर सरकार) के विरुद्ध उनके द्वारा कथित रूप से धीरेन्द्र शास्त्री के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान देने पर कोर्ट में एक आवेदन दाखिल किया गया था। जाहिर है धीरेन्द्र शास्त्री के बारे में जनता में दो मत है पर फिर भी बहुत से लोग उन्हें सिद्ध पुरुष मानकर उनके दरबार में जाते हैं और अपनी समस्याओं के निराकरण की अपेक्षा रखते हैं। धीरेन्द्र शास्त्री बुंदेलखंड से आते हैं जो उत्तर प्रदेश तक फैला हुआ है। देखना यह है कि आने वाले समय में शास्त्री भाजपा के किसी प्लान का हिस्सा बनते हैं या अपनी भूमिका को गैर राजनीतिक बनाये रखते हैं।

कुल मिलाकर यह माना जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने बागेश्वर धाम जाकर जो संदेश दिया है, और इसके बाद केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मंत्रीगण जिस तरह धीरेंद्र शास्त्री के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं, उससे जाहिर तो यही होता है कि भाजपा में आने वाला समय धीरेंद्र शास्त्री का हो सकता है।

# डंकी रूट बनाम डैथ रूट

**राकेश दुबे**

ज़ोर से तो नहीं परंतु देश में धीमे-धीमे यह बात चल रही है कि यूएसए से भारतीय नागरिकों के निर्वासन पर सियासी मंथन होना चाहिए युवा वर्ग डंकी रूट के तहत विदेश जाने को मजबूर क्यों है? वर्तमान में शब्द कबूतरबाजी की जगह 'डंकी रूट' एक चर्चित हो चुका है। डंकी रूट यानी किसी देश में गैर कानूनी तरीके से प्रवेश करना। अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी व ब्रिटेन जैसे देश भारतीय युवाओं की पहली पसंद हैं। जिन्हें विदेश जाने के लिए उनको वीजा नहीं मिलता तो ऐसे युवाओं को डंकी रूट के तहत बिना किसी दस्तावेज व वैध वीजा के अवैध तरीके से विदेश पहुंचाने के हसीन ख्वाब कुछ ऐजेंट दिखाते हैं। युवाओं को गैर कानूनी तरीके से विदेश भेजने के लिए कबूतरबाजी, डंकी रूट व फिश रूट जैसी अवैध तरकीबें अपनाते हैं।

डंकी रूट का संचालन करने वाले एजेंटों का कारोबार ज़ोरों पर है। डंकी रूट के एजेंटों का नेटवर्क भी युवा वर्ग के इर्द-गिर्द घूमता है। नशा माफिया की तरह डंकी रूट के संचालकों का भी अपना एक निर्धारित क्षेत्र है। नशे के सरगना व डंकी रूट के एजेंट तथा ट्रैवल एजेंसियां अपनी अरबों रुपए की अवैध सम्पत्तियाँ बना चुकी हैं।

अमेरिकी प्रशासन अवैध रूप से रह रहे भारतीय प्रवासी युवाओं को शातिर अपराधियों की तरह हथकड़ियों व बेड़ियों में जकड़कर जिस तरीके से अपमानित करके निर्वासित कर रहा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हैरत की बात है कि बेगुनाह प्रवासी भारतीय युवाओं से अपराधियों जैसा व्यवहार करने वाली अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों की इस कारवाही पर मानवाधिकारों की वकालत करने वाले भी खामोश हैं।

देश में कोई भी मुद्दा हो राजनीति तेज हो जाती है।बिना पुख्ता कागजात के अमेरिका से निर्वासित हुए भारतीय नागरिकों पर भी दोनों सदनों में खूब हंगामा हुआ। विपक्ष के हंगामे के बाद विदेश मंत्री ने अमेरिका से वापिस किए गए लोगों के आंकड़े सदन के समक्ष रखे तो ज्ञात हुआ कि वर्ष 2009 में 734, साल 2010 में 794 , सन् 2011 में 597 तथा सन् 2012 में 530 भारतीयों को अमेरिका ने अवैध प्रवासी बताकर अपने मुल्क से बाहर किया था। यूएसए सहित कई देशों में भारतीय नागरिक नस्लीय भेदभाव का शिकार अमेरिका से भारतीय युवाओं के निर्वासन होते हैं। विदेशों में पढने वाले छात्रों की हत्याएं की जाती हैं। डंकी रूट के तहत विदेशों में गए सैंकड़ों भारतीय युवा कई देशों में सलाखों के पीछे हैं। डंकी रूट डैथ रूट भी साबित हो रहा है।

# प्रेमिल शिव !

**मुकेश नेमा**



सती और शिव जैसी प्रेमकथा कोई दूसरी हो सकती है ? शिव ठहरे अनिकेत,रहने को कोई घर नही बनाया उन्होंने अपने लिए। कोई संपत्ति अर्जित नही की। नितांत फक्कड़। परिवार वंश का कोई अता पता नहीं। सती थी कुलीन राजकुमारी और एक बैरागी के प्रेम में पड़ कर उनसे विवाह कर बैठी। स्वाभाविक है उनके पिता अप्रसन्न हुए। दामाद का सार्वजनिक रूप से निरादर किया उन्होंने।सती सह नही सकी ये बात तो पिता के यज्ञ कुंड मे कूद पड़ी,और उनके प्रेम मे आकंठ डूबे,शोकाकुल शिव उनका मृत शरीर लिए पूरे भारत में बारह बरस घूमते रहे।क्या पता किसी योग्य चिकित्सक की तलाश हो उन्हें।सती के शरीर के हिस्से क्रमशः जगह जगह गिरते रहे।जहाँ गिरे वो शक्ति पीठ हुए।सती के साथ शिव खुद ठहर गए इन स्थानों में।ऐसे मे मुझे हमारे ये मंदिर ,अध्यात्म और धर्म के केन्द्र से अधिक प्रेम के प्रतीक मालूम होते हैं।

अचरज लग सकता है बहुतों को कि ईश्वर ऐसे सुध बुध खो बैठे ? अपनी मृत पत्नी के शरीर को खुद से दूर करने को तैयार न हो ? अब ईश्वर यानी वीतरागी।मानवीय संवेदनाओं से परे ,तटस्थ जीव।वो ऐसा कैसे कर सकता है ? पर शिव ने ऐसा किया।और यही बात उन्हें विशिष्ट बनाती है। शिव ने प्रेम की महत्ता स्थापित की।बताया हमें कि वो और सती अलग नही।दोनो को अलग किया जाना संभव नही।शिव अकेले है जो राग और वैराग्य का अद्भुत योग हैं।और इसीलिए वो महादेव हैं।

इस संसार में प्रेम सर्वाधिक स्वीकार्य विचार है ,इसीलिए प्रेमपगे शिव सुर असुर ,नर किन्नर ,गंधर्व सबके हैं।आज भी हर लड़की अपने लिए शिव से एकनिष्ठ जीवन साथी की कल्पना करती है,और सती जैसा अगाध प्रेम करने वाली लड़की किस लड़के को नही चाहिए ? ये उद्दात शिखर हैं प्रेम के और इस बात का उदाहरण है कि सारे आदर्श प्रेम के अनुचर हैं। ऐसे प्रेमिल शिव से सती दूर रह कैसे सकती थी ? वो पार्वती होकर वापस लौटीं।और फिर से शिव की जीवन संगिनी हुई।आज ही विवाह हुआ था इस अनुपम प्रेममुग्ध जोड़े का। ज़ाहिर है आज का दिन सचमुच बहुत अच्छा है।

बजट विश्लेषण

# एक- एक मतदाता का ऋण उतारा मोदी जी ने

**सीए अखिलेश जैन**

वर्ष 2013-14 के 16,65,297 करोड़ रुपए के बजट से वर्ष 2024-25 में 50,65,345 करोड़ रुपए के बजट तक की यात्रा कोई आंकड़ों का खेल नहीं, इसके पीछे के मर्म को समझाना पड़ेगा तभी मोदी जी के बजट के साथ न्याय होगा । 2014 के चुनाव में मोदी जी ने सार्वजनिक सभाओं में मतदाताओं से वायदा किया था, एक-एक मतदाता को अपने कार्यकाल का हिसाब दूंगा। एक-एक वोट का ऋण उतारूंगा । मोदी जी की गारंटी, गारंटी पूरा होने की गारंटी है। मोदी जी के काम करने का रास्ता अंत्योदय से विकसित भारत की तरफ जाता है। मोदी जी के दिल में वर्षों से उपेक्षित, शोषित, पीड़ित वर्ग और घरों में कैद देश की आधी आबादी के लिए दर्द उन्हें मजबूर करता है कि विकसित भारत का रास्ता अंत्योदय से निकाला जाए, इस बात को स्वयं मोदी जी सार्वजनिक मंचों से कह चुके हैं कि - जिन्हें कोई नहीं पूछता मोदी उन्हें पूछता है-और पूजता भी है।

प्रधानमंत्री ही संगठन व सरकार के नेता होते हैं । संगठन की अपनी प्राथमिकताऐं और उद्देश्य होते हैं । संगठन की अपनी विचारधारा होती है । जिसके बल पर संगठन का निर्माण होता है। इसी प्रकार सरकार की अपनी प्राथमिकताऐं, उद्देश्य व लक्ष्य होते हैं और प्रधानमंत्री जी को सामंजस्य बनाकर धैर्य पूर्वक लक्ष्य की तरफ अग्रसर होना पड़ता है। प्रधानमंत्री जी के पूरे कार्यकाल का, गुजरात के मुख्यमंत्री पद से आज तक का अगर विश्लेषण किया जाए तो साफ- साफ समझ में आता है कि गरीबों, शोषित व महिलाओं के लिए जो दर्द है वही शासन की नीतियों का केंद्र बिंदु है, इसमें कोई जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद हावी नहीं हो पता है। तभी तो प्रधानमंत्री जी कहते भी हैं तुष्टीकरण नहीं पूर्ण संतुष्टीकरण ।

पहले विश्व में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था, 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, फिर विकसित भारत। यह सारी चुनौतियां प्रधानमंत्री जी ने स्वयं ही स्वयं के लिए खड़ी करी हैं । भारत के इतिहास में शायद मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं , जो स्वयं लक्ष्य निर्धारित कर अपने लिए चुनौतियां खड़ी करते हैं और फिर लक्ष्य को निश्चित समय अवधि में हासिल करने के लिए रात - दिन एक कर देते हैं ।

मोदी को मालूम है वह भारत के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री क्यों बनाए गए हैं ? देश की जनता को भरोसा है मोदी जी ही भारत को विकसित भारत बना सकते हैं । मोदी जी ही आज की युवा पीढ़ी को उन्नत, सुरक्षित, समृद्ध भारत प्रदान कर सकते हैं । राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, वैश्विक परिदृश्य कुछ भी हो, हर हाल में मोदी जी को जनता का भरोसा कायम रखना है। मोदी जी नारे, वादों या लंबे-लंबे भाषणों से सरकार नहीं चलाते, मोदी जी धरातल पर काम करके दिखाते हैं। तभी तो एक दशक की केंद्र सरकार में मुखिया बनने के बाद 17.92 करोड़ नौकरियां पैदा की। आज महिला श्रम बल (एलएफपीआर) की भागीदारी दर 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 37 प्रतिशत पर आ गई है। 89.8 लाख लखपति दीदियों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, जिसमें मुख्यतः ग्रामीण महिलाएं हैं, उनको प्रतिवर्ष कम से कम एक लाख रुपये की घरेलू आय प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाया गया है।

वर्ष 2013 के 452 स्टार्टअप्स को 2024 में 1.59 लाख मान्यता प्राप्त स्टार्टअप से 17.22 लाख नौकरियां पैदा करने में सफलता पाई है। बुनियादी ढांचे को विश्व स्तरीय बनाने में खर्च होने वाले प्रत्येक एक करोड़ की धनराशि पर 200 से 250 मानव वर्ष का रोजगार उत्पन्न किया गया है। यूपीए सरकार की नीति थी, उधार का घी पियो। जिसके परिणाम स्वरुप चालू खाता घाटा और 9.3 प्रतिशत मुद्रास्फीति बढ़ गई थी, दूसरी तरफ मोदी सरकार में कोरोना महामारी, रूस यूक्रेन युद्ध के बावजूद देश की जीडीपी वृद्धि दर 6. प्रतिशत अनुमानित है, जो विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था में शीर्ष पर है।

2013-14 में 2.2 बिलियन डिजिटल लेनदेन, 2024 में 208.5 बिलियन डिजिटल लेनदेन समावेशी आर्थिक विकास को दर्शाता है। (पीएमजेडीवाई) प्रधानमंत्री जन धन योजना के सहयोग से 500 मिलियन बैंक खाते खोलना समावेशी आर्थिक विकास का सबूत है। यह मोदी जी के (जे ए एम) जनधन, आधार, मोबाइल नेटवर्क ही है जिसके कारण कोविड-19 में, 24 मार्च 2020 से 17 अप्रैल 2020 में, 24 दिन की समय अवधि में 11.42 करोड़ लाभार्थियों को 27442.08 करोड़ रुपए का सीधे खाते मै सहायता राशि पहुंचना, बिना किसी लीकेज के संभव हो पाया, ना कोई बिचौलिया, ना कोई कट, ना कोई कमीशन, ना शहरी- ग्रामीण का अंतर, ना कोई जाति, धर्म, भाषा का भेदभाव, कोई तुष्टीकरण नहीं - पूर्ण संतुष्टीकरण।

2014-15 से 2022-23 के बीच में आठ वित्तीय वर्षों की समय अवधि में 24.82 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया । इस जादुई फिगर की गंभीरता कितनी है, इसका इसी बात से अंदाज लगाया जा सकता है कि यह संख्या कई देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। यह चमत्कार से कम नहीं और यह चमत्कार सिर्फ मोदी जी ही कर सकते हैं , फर्क साफ है यूपीए सरकार खराब ऋणों में एनपीए संकट का मकड़ जाल फैलाकर व्यवसाय व वित्तीय संस्थानों को पंगु बनाने में माहिर थी। हाई प्रोफाइल डिफॉल्टर यूपीए युग की देन थी।

अत्यंत गरीब ऊपर आए, नियो मिडिल क्लास (Neo-middle class), जिसका उल्लेख 10 जुलाई 2014 के बजट भाषण में तत्कालीन वित्त मंत्री स्वर्गीय श्री अरुण जेटली जी ने संसद में किया था, जिसका तात्पर्य था। वो गरीब लोग जिन्हें गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है पर मध्यम वर्ग में उन्हें स्थायित्व प्राप्त करना है, के स्थायित्व प्राप्त करने में सहायता व संरक्षण दिया गया, जिसके फलस्वरुप 5 से 10 लाख रुपए



प्रतिवर्ष की आय सीमा के लोगों में 8.1त्न की वृद्धि दर्ज की गई, वा 10 से 20 लाख रुपए प्रति वर्ष आय सीमा के लोगों की 3.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

(MPCE- मंथली पर कैपिटा एक्सपेंडिचर) मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय 2011- 12 में शहरी वा ग्रामीण में अंतर 84त्न था जो 2023- 24 में 70त्न हो गया है। स्पष्ट है मोदी सरकार में ग्रामीण- शहरी विभाजन घट रहा है।

एक देश- एक कर, जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू सामानों की कीमत में आई कमी का घरेलू बचत पर असर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जिसके परिणाम स्वरुप घरेलू बचत में लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, वित्तीय वर्ष 2014 में 3.5 लाख रुपए से कम आय वाले 36.3 प्रतिशत व्यक्तिगत आयकर दाता उच्च आय वर्ग में चले गए हैं। जिनमें से 15.3 प्रतिशत , 3.5 से 5 लाख व 5 से 10 लाख रुपए वार्षिक आय वर्ग समूह में चले गए हैं और 4.2 प्रतिशत आयकर दाता 10 से 20 लाख रुपए वार्षिक आय वर्ग समूह में चले गए हैं । यही है मोदी जी के अंत्योदय की ताकत। यही है पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय की ताकत। भाजपा व कांग्रेस की सोच में ही बुनियादी फर्क है। 1996 में जब स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी थी, तब 16 प्रतिशत था, 2004 में जब श्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने सत्ता छोड़ी तो एनपीए घटकर 7.8 प्रतिशत पर आ गया अर्थात एनडीए सरकार में एनपीए में 8.2 त्न की कमी आई। फिर 2004 से 2013 तक रही यूपीए सरकार के राजनीतिक हस्तक्षेपों के कारण जी.एन.पी.ए. (GNPA stands for Gross Non-Performing Assets) अनुपात में तीव्र वृद्धि 12.3 प्रतिशत तक पहुंच गया फिर मोदी सरकार के कड़े वित्तीय अनुशासन के कारण वित्तीय वर्ष वर्ष 2024 में GNPA अनुपात और शुद्ध NPA अनुपात क्रमशः 2.8 प्रतिशत और 0.6 प्रतिशत के बहु-वर्ष के निचले स्तर पर दर्ज किया गया, स्पष्ट है लूट खसोट बंद कर गरीबों को ऊपर लाने का सघन प्रयास कर मतदाताओं का भरोसा और मजबूत किया गया।

मोदी जी को मालूम है देश के गरीबों को हर स्तर पर प्रधानमंत्री का सहयोग व संरक्षण ही देश को आगे ले जा सकता है। इसलिए सामाजिक सुरक्षा व कल्याण योजनाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। (पीएमजेजेबीवाई) प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं एवं (पीएमएसबीवाई) प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के द्वारा गरीबों को 200000 तक का जोखिम कवरेज किफायती प्रीमियम पर प्रदान किया जा रहा है। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना प्रतिवर्ष प्रति परिवार को वार्षिक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करती है। (पीएम-एसवाईएम) पीएमश्रमयोगीमान-धन योजना के माध्यम से 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पात्र असंगठित श्रमिकों को ?3000 मानसिक पेंशन, वृद्धावस्था संरक्षण, 50 प्रतिशत सरकारी योगदान के साथ सुनिश्चित करता है।

बुनियादी ढांचे और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के लिए ग्रामीण विकास व्यय जो वित्तीय वर्ष 2013-14 में 80250.50 करोड़ रुपए का था, मोदी सरकार में 2024-25 वित्तीय वर्ष के लिए ग्रामीण विकास व्यय 180223.43 करोड़ रुपए का रखा है। स्पष्ट है ग्रामीण विकास व्यय में एक लाख करोड़ रुपए की वृद्धि से बुनियादी ढांचे और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों को प्रगति मिलेगी। गरीबों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। स्वास्थ्य व परिवार कल्याण निधि में 2.4 गुना वृद्धि करके अब यह निधि 90658.63 करोड़ रुपए की करी गई है । स्पष्ट है गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को विस्तार दिया गया है तथा बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया गया है। यह मोदी सरकार ही है जिसने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (ईडब्ल्यूएस ) 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है।

मोदी जी ने ही 102 वे संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। गरीबों के लिए बैंक के दरवाजे खोलने के लिए प्रधानमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जनधन योजना प्रारंभ की। इस योजना से जहां आपदा में गरीबों के खातों में सीधे राशि का अंतरण बिना लीकेज के संभव बना, वहीं दूसरी ओर गरीब लोग आर्थिक विकास के भागीदार बनने में सक्षम बने। इस योजना की भारी सफलता के कारण आज प्रधानमंत्री जनधन योजना में खाता धारकों की संख्या 53.14 करोड़ के पार कर गई है। तथा अगस्त 2024 तक इन खातों में कुल जमा शेष राशि 2,31,236 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। सफलता का स्तर सोचिए जिन गरीबों का 10 वर्ष पूर्व बैंक में खाता भी नहीं था आज उनके खातों में जमा राशि 2,31,236 करोड़ रुपए से भी अधिक है। जिसमें और एक सफलता छुपी हुई है । इन खातों में से 55.6त्न खाते महिलाओं के हैं। 66.6 प्रतिशत ग्रामीण / अर्ध शहरी क्षेत्र में हैं ।

युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर मोदी जी ने कौशल भारत पहल को प्रारंभ किया था। इसमें मिली भारी सफलता ने 2025 के प्रारंभ तक 1.5 करोड़ से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें बेहतर रोजगार के अवसरों के योग्य बनाया। कल्याण निधि का समय पर पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त वितरण मोदी सरकार ने ही सुनिश्चित किया है। अब तक 34 लाख करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से भेजे जा चुके हैं ।

कारीगरों व शिल्पकारों का समर्थन करने के लिए मोदी जी ने पीएम विश्वकर्मा योजना प्रारंभ की। 13000 करोड़ रुपए के बजट वाली इस योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में 10 लाख नए रोजगार पैदा किया। मोदी सरकार के प्रयासों के फल स्वरूप आज 99 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण बस्तियां ग्रामीण सड़कों से जुड़ गई हैं। 2014 से 2024 के बीच 3.74 लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया। सड़कों का विस्तार, निर्माण ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को उठाने में अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया है। मोदी सरकार के कार्यकाल का अधिक विश्लेषण किया जावे तो मोदी सरकार का लक्ष्य स्पष्ट होता है। मोदी की नीतियों व लक्ष्यों में भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना स्पष्ट दिखाई दे रहा है, या दूसरे शब्दों में कहा जाए तो मोदी सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को सामने रखकर तप कर रही है ।

इस विकास यात्रा में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास शामिल है। इस विकास यात्रा का मार्ग एक-एक मतदाता के विकास से समग्र भारत के विकास की ओर जाता है। कोई भी मतदाता चाहे कितना भी पीछे क्यों ना हो उसे पकड़-पकड़ कर विकास यात्रा का सहभागी बनाया जा रहा है। डॉक्टर बी.आर. अंबेडकर जी के संविधान की भावना भी यही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का अंत्योदय का सिद्धांत भी यही है। मोदी जी वास्तविक तौर पर एक-एक मतदाता के वोट के ऋण को ब्याज समेत उतार रहे हैं।

मोदी जी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए जाने के जनता के निर्णय का सिद्ध कर रहे हैं । बजट में एक-एक मतदाता की उन्नति का समग्र प्रयास किया गया है। युवा हो, महिला हो, शहरी हो, ग्रामीण हो, सेवादाता हो, सेवाकर्ता हो, किसान हो, व्यापारी हो ,मजदूर हो, शासकीय सेवक हो, अशासकीय सेवक हो, स्वयं का रोजगार धारक हो, विषय विशेषज्ञ हो, प्रशिक्षित हो, अप्रशिक्षित हो सभी की भागीदारी विकास यात्रा में सुनिश्चित की गई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर

प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाइटः dainiksandhyaprakash.in

## राजा तिवारी तीसरी बार रेल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति के सदस्य



**सांध्य प्रकाश,इटारसी।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया की अनुशंसा पर सरल स्वभाव एवं जनहित में काम करने वाले भाजपा नेता राजा तिवारी पुनः भरोसा करते हुए रेल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।श्री तिवारी की यह नियुक्ति दो वर्ष के लिये की गई है। पूर्व में भी तिवारी ने दो बार जेडआरयूसीसी मेंबर रहते हुये इटारसी रेलवे से सबंधित अनेकों कार्य कराये है।साथ ही रेलवे यात्री के साथ ही रेलवे कर्मचारियो की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देते हुये समाधान कराया है।उनके इस तरह के कार्यो को देखते हुये रेल मंत्री ने इस रेल समिति में तीसरी बार सदस्य नियुक्त किया है। इन्होंने पूर्व में जेडआरयूसीसी मेंबर के सदस्य पद पर रहते हुये न्यूयार्ड सड़क का निर्माण कार्य,गरीबी लाइन अंडरब्रिज निर्माण कार्य सांसद निधि से कराया है। यह दोनों समस्याओं का समाधान होने से क्षेत्र के लोगों ने तत्कालीन सांसद उदय प्रताप सिंह एवं राजा तिवारी के प्रति आभार व्यक्त किया है।पुनः राजा तिवारी जेडआरयूसीसी मेंबर बनने के बाद रेल यात्री एवं रेलवे कर्मचारियों के बीच खड़े हो गये है। इनकी इस नियुक्ति पर इनके शुभचिंतक जमकर सराहना करते हुए बधाई प्रेषित कर रहे है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत छपारा में आयोजित हुए सामूहिक विवाह

**सिवनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम सिंचाई कालोनी ग्राउंड छपारा में संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह में 362 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। इस दौरान विधायक सिवनी दिनेश राय, केवलारी विधायक रजनीश सिंह अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा आमजन मौजूद थे। अतिथियों द्वारा नवविवाहितों पर चांवल एवं पुष्प की वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया एवं खुशहाल दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं गई। विवाह पश्चात नवदंपतियों में प्रत्येक को 49-49 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। सीईओ जनपद छपारा से प्राप्त जानकारी अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 137 जोड़ों ने हिन्दू रीतिरिवाज, 239 आदिवासी रिवाजो से एवं 06 जोड़ों ने मुस्लिम विवाह किया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सहयोग के लिए संचालित योजना के तहत आयोजित इस समारोह के दौरान वर-वधू और परिजनों में खुशी की लहर रही। परिवारजनों ने बेटी के विवाह पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से पुत्री का विवाह धूमधाम से सम्पन्न हो गया है।

## भोलेनाथ बने दूल्हा मां गोरा को ब्याहाने, डमरू की धुन पर नाचते निकली भूत -पिशाचों की बारात



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)**- महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को सुबह से ही सभी शिवालयो पर उत्साह नजर आया सुबह से ही शिवालयो पर भक्तों का ताता लग रह वार्ड नंबर 12 श्री शिव मंदिर प्रांगण में स्वर्गीय देवेंद्र गुप्ता (पप्पू भैया) के पुण्य स्मृति में ,श्री शिव महाभिषेक का आयोजन रखा गया, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी चौकसे, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे , वार्ड नंबर 12 के पार्षद सुनील सेरिया, पूर्व पार्षद मुकेश कहार, पूर्व पार्षद ऊषा पदम सिंह चौहान सम्मिलित हुए, नगर के प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक पंडित संतोष तिवारी शास्त्री ने विधवत शिव रुद्राभिषेक कराया, शिव अभिषेक करने, धन्नू चौरसिया, बचन सिंह लोधी , बाला चौधरी, अरुण भावसार आरती यादव विनोद नामदेव ,भोपाली शर्मा एवं नगर के अपार शिव भक्तों ने पूजा अर्चना अभिषेक हवन किया हवन के पश्चात फलाहारी भंडारे का आयोजन किया गया शाम को अर्जुन नगर शिव मंदिर से शिव बारात निकाली गई बारात में युवा शक्ति के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति भोलेनाथ की भक्ति करते हुए चल रही थी इसके अलावा बारात में भजनों पर युवा एवं मातृशक्ति नाचते हुए चल रहे थे हिंदू उत्सव समिति, सभी सामाजिक संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ता, मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ की बारात का फूल मालाओं से स्वागत कर आरती की और भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अपने 2 शावको को जंगल की बारीकियां सिखाती दिखी पीटीआर की फेमस बाघिन



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व इन दिनों बाघों से गुलजार है। यही कारण है कि लगातार यहां देश के कोने-कोने से सैलानी बाघों का दीदार करने के लिए आ रहे हैं और सैलानियों को लगातार दिख रहे हैं । बाघों की वजह से पन्ना टाइगर रिजर्व फोटोग्राफरो और सैलानियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। यहां आने वाले पर्यटक प्रतिदिन बाघों की अटखेलियां देख रोमांचित हो रहे है। कुछ ऐसा ही नजर आज पन्ना टाइगर रिजर्व आए पर्यटकों को उस वक्त देखने को मिला जब पन्ना टाइगर रिजर्व की फेमस बाघिन-141 अपने शावकों को पिपरा टोला में घास के मैदान में जंगल की बारीकियां सीख रही थी और उन्हें ट्रेनिंग दे रही थी।

इस दौरान पन्ना टाइगर रिजर्व घूमने आए पर्यटकों ने इस रोमांचित नजारे को देखा। इसी दौरान बाघिन और उसके शावक जिप्सीयो में सवार सैलानियों के काफी नजदीक पहुंच गए और इस शानदार और रोमांचित करने वाले नजारे को अपने मोबाइल में वीडियो बनाकर कैद कर लिया जो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि जब बाघिन और शावक जिप्सी के काफी नजदीक पहुंच गए थे तो सैलानी कुछ समय के लिए दहशत में आ गए और उनके पसीने छूट गये थे।

## सिवनी में भ्रष्टाचार के खिलाफ युवक का अनोखा मार्च, शिकायतों का पुलिंदा लटकाया



**सिवनी।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ अनोखा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। प्रदर्शनकारी संजीत सिंह बघेल ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपने शरीर पर शिकायतों का पुलिंदा लटकाया और सिवनी बस स्टैंड से कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं कर रहा, जिससे भ्रष्ट अधिकारी बेखौफ होकर घोटालों को अंजाम दे रहे हैं।

नगर परिषद केवलारी में 8 करोड़ से अधिक के संदिग्ध भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन तीन महीने बीतने के बाद भी जांच तक शुरू नहीं हुई। इस लापरवाही से भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। केवलारी और बरघाट विधानसभा में 70 शासकीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के नाम पर ?1.57 करोड़ से अधिक का घोटाला सामने आया। आरोप है कि विद्यालय प्राचार्यों और छिंदवाड़ा निवासी आशीष जैन की मिलीभगत से सरकारी राशि का गबन किया गया।

जनपद पंचायत लखनादौन में 1.10 करोड़ से अधिक की राशि का संदिग्ध भुगतान किया गया, जिसमें न्यायालयीन व्यय, राज मिस्त्री प्रशिक्षण और हाई मास्क खरीद में अनियमितताएं पाई गईं। जनपद पंचायत केवलारी में सहायक लेखापाल अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी की मिलीभगत से ?1.15 करोड़ से अधिक की राशि का गबन किया गया। निजी खातों में पैसे ट्रांसफर करने और फर्जी बिलों के आधार पर भुगतान करने के आरोप लगे हैं।

## 350 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण, 85 मरीज ऑपरेशन हेतु हुए चिन्हित

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न हुआ



**छतरपुर।** गरीब जरूरतमंदों की सेवा के लिए नगर के प्रतिष्ठित प्राचीन हनुमान टोरिया मंदिर में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर के पंद्रहवें वर्ष का दूसरा आयोजन संपन्न हुआ

यह शिविर पूर्व विधायक स्व पिता जेपी निगम एवं स्व मिथिलेश निगम की स्मृति में उनकी पुत्री मृदुला रेणुका एवं स्मिता निगम के सहयोग से संपन्न हुआ।

हनुमान टोरिया सेवा समिति एवम सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन किया गया ।

समिति के सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आए डॉक्टर शिवेन्द्र मिश्रा , डॉ विश्वकर्मा प्रदीप मिश्रा और उनकी टीम के द्वारा 350 नेत्र रोगियों के परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह एवं दवा दी गई तथा पिछले माह मोतियाबिंद के ऑपरेशन हुए मरीजों को नए चश्मा दिए गए जिससे उन्हें नई रोशनी मिली तथा नए 85 मरीजों को मोतियाबिंद हेतु चयनित कर चित्रकूट भेजा गया

इस अवसर आज के शिविर की सहयोगी रेणुका निगम ने शिविर की सहाराहना करते हुए कहा नेत्र ही में रोशनी देना यह अपार पुण्य का काम है 14 वर्षों में 1 लाख से अधिक मरीजों का इलाज लाभ मिला है इस कार्य के लिए समिति धन्यवाद की पात्र है, मुझे अपने माता-पिता की स्मृति में शिविर लगाने का अवसर प्रदान किया मैं समिति का हृदय से धन्यवाद करती हूं।

इस शिविर की खास बात यह रही इस शिविर का सहयोग कर रहे निगम परिवार ने खुद मानवता का धर्म निभाते हुए मरीजों के पंजीयन किये तथा दूर दराज से आए मरीजों को अपने हाथों से भोजन भी कराए

इस मौके पर हरी अग्रवाल रमेश खरे प्रकाश जैन उमेश रसिया पुष्पेंद्र वेद्य प्रमोद खरे संतोष नामदेव गिरजा पाटकर लखन लाल सोनी आशु शर्मा नारायण मिश्रा एम एल विश्वकर्मा डी सी पाठक प्रिंस गुप्ता मयंक हर्ष राज वर्मा संतोष नामदेव उपस्थित रहे।


## सागर कलेक्टर के निर्देश पर 5वीं और 8वीं के पेपर लीक करने वाले शिक्षक पर एफआईआर दर्ज



**सागर ।** कलेक्टर के निर्देश पर कक्षा 5वीं और 8वीं के प्रश्न पत्रों को वाट्सएप ग्रुप पर वायरल करने वाले प्राथमिक शिक्षक पुरुषोत्तम पटेल पर एफआईआर दर्ज की गई है। कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) व मध्यप्रदेश मान्यता प्राप्त परीक्षाएं अधिनियम की धारा 3ड्ड/4 व 3बी4 के तहत प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही की गई है। इसके अलावा कलेक्टर ने तीन सदस्यीय जांच समिति भी गठित की, जो पूरे मामले की बिन्दुवार जांच कर जो भी दोषी हों उनके संबंध में तत्काल प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। घटना की विस्तृत जांच के लिए गठित समिति में डॉ रेणु परस्ते, प्रभारी सहायक संचालक कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी सागर, मनोज तिवारी, प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड सागर तथा अनिरुद्ध डिम्हा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र सागर शामिल हैं।

25 फरवरी को पुरुषोत्तम पटेल (सहायक शिक्षक शाप्राशा बेरसला ढाना विकासखंड सागर) द्वारा वार्षिक परीक्षा 2024-25 कक्षा-5वीं और 8वीं के प्रश्नपत्रों को व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल किया गया था। इस कारण से विभाग, शासन प्रशासन की छवि धूमिल हुई। प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने पर सहायक शिक्षक पुरुषोत्तम पटेल को पहले से ही निलंबित किया जा चुका है।

## बम बम भोले... की गूंज के साथ भक्तों ने मंदिरों में मनाई शिवरात्रि



**सांध्य प्रकाश. इटारसी।** शहर से करीब 19 कि.मी दूर स्थित तिलक सिंदूर धाम में हजारों श्रद्धालुओं की बम बम भोले कि गूंज सुनाई देती रही, शिवरात्रि पर्व पर जहां प्रशासन ने चौकसी के लिए केमरे, लाईटें एवं पीने के पानी की उच्चतम व्यवस्था देखने में मिलीं। 100 बर्ष पुर्ण के साथ शिवरात्रि पर्व पर तिलक सिन्दूर मंदिर प्रांगण में सुबह 4 बजे झंडा चढ़ाकर मेले का शुभारंभ किया गया। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का प्रतिमा के दर्शन किए।

मेले में प्रशासन ने सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की ।इस वर्ष मेले में तकरीबन 200 दुकान आवंटित की गई जहा जिलों से आए व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें लगाई , इसी के साथ मेले प्रांगण में झूले भी लगे हुए थे 7मेले में अन्य प्रकार की गतिविधियां जैसे रामसत्ता भजन यज्ञ इत्यादि का भी आयोजन किया गया था 7 मेले में वाहन पार्किंग हेतु नदी के पास पार्किंग की व्यवस्था रही जिसमें लगभग 5000 दो पहिया वाहन एवं लगभग 1000 चार पहिया वाहन खड़े करने की व्यवस्था रखी गई 7झ जिला खाद्य एवं सुरक्षा टीम द्वारा मेले में खाद्य सामग्री की दुकानों का निरीक्षण भी किया गया। श्रद्धालुओं के पीने के पानी का भी पीएचई विभाग द्वारा मेले से सैंपल लिए गए। अत्यधिक श्रद्धालुओं के आने से भीड़ उत्पन्न होने की स्थिति को देखते हुए खटामा ग्राम के रास्ते को व्यवस्थित कर आवागमन हेतु खोला गया । शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए उपवास कि खिचड़ी और फलहार के स्टाल जन सेवको के द्वारा लगाए गए।शहर के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए।

## कलेक्टर ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण



**मंडला।** जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने ज़िले में चल रही बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र मंगलवार को जिला मुख्यालय के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय एवं अवंती बाई स्कूल का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षाओं की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर मिश्रा ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था,प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने केंद्रों का निरीक्षण करते हुए ज़रूरी निर्देश भी दिए।इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट,जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी बड़कड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा मंगलवार को ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा केंद्र पहुंचकर कक्षा 12वी की वार्षिक परीक्षा का अवलोकन किया गया।उन्होंने परीक्षा केन्द्र पर किए गए प्रबंधों के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।कलेक्टर श्री मिश्रा ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए पानी,बिजली,बैठक व्यवस्था, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## मप्र के मुलताई जौलखेड़ा में रेलवे स्टेशन की स्थापना को लेकर बड़ी पहल

### महाशिवरात्रि के दिन सरपंच पद्मा देशमुख की मौजूदगी में सर्वेक्षण



**सांध्य प्रकाश योगेश गुप्ता बैतुल।** मध्यप्रदेश मुलताई क्षेत्र में स्थित ग्राम जौलखेड़ा में रेलवे स्टेशन की स्थापना को लेकर बड़ी पहल की गई है। ग्राम पंचायत सरपंच पद्मा देशमुख की मौजूदगी में रेलवे के अधिकारियों ने जौलखेड़ा रेलवे गेट के पास सर्वेक्षण किया। सरपंच ने बताया कि आगामी दिनों में ग्राम को रेलवे स्टेशन की सौगात मिल सकती है। आज रेलवे के इंजीनियरिंग और ऑपरेटिंग विभाग के अधिकारी जौलखेड़ा पहुंचे और जौलखेड़ा रेलवे गेट के पास नए स्टेशन के लिए सर्वे किया। इस सर्वे टीम में सीपीडब्ल्यूआई एसके सोनी, जेई वर्क एससी मीना, टीआई पांढुर्णा वीके झा और सीनियर कमर्शियल इंस्पेक्टर एसडी पंत प्रमुख रूप से शामिल है । बताया जा रहा है। कि रेलवे स्टेशन निर्माण की योजना पर काम किया जा रहा है। सरपंच पद्मा देशमुख ने जानकारी दी कि रेलवे अधिकारियों ने आश्वासन दिया है। कि जल्द ही सभी प्रक्रियाएं पूरी कर रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। रेलवे स्टेशन बनने से ग्रामीणों को यात्रा के लिए सुविधा जनक आवागमन मिलेगा और क्षेत्र का विकास भी तेजी से होगा। गौरतलब है कि अभी जौलखेड़ा गांव का स्टेशन गांव से चार किलो मीटर दूर कान्हा बघोली गांव के पास है। इससे यहां के ग्रामीणों को परेशानी होती है। इसी के चलते सरपंच पद्मा देशमुख ने डीआरएम को पत्र लिखकर जौलखेड़ा में स्टेशन बनाने और ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की थी। अब ग्रामवासियों को उम्मीद है। की उन्हें रेलवे स्टेशन की सौगात मिलेगी उल्लेखनीय है। कि जौलखेड़ा गांव की आबादी करीब 3500 है। यह गांव आसपास के 30 से ज्यादा गांवों का केंद्र है। क्षेत्र में प्याज, मटर, टमाटर और गोभी की खेती होती है। स्टेशन बनने से किसान उपज का परिवहन आसानी से कर सकेंगे। यहां पर 400 साल पुराना उदासी मठ भी है। यहां 4 शताब्दियों से धुनी जल रही है। यह मठ देश के 52 उदासी मठों में शामिल हैं। जिससे देश भर से संतों का आना-जाना लगा रहता है। अभी यहां केवल मेमू पैसेंजर ट्रेन भर रूकती है।

## पांचवी बोर्ड परीक्षा में नकल करवाए जाने पर शिक्षिका निलंबित



**दैनिक सांध्य प्रकाश बैतूल ।** भीमपुर विकासखंड के परीक्षा केन्द्र एकीकृत माध्यमिक शाला कासमारखण्डी में 25 फरवरी को कक्षा 5 वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान शिक्षिका द्वारा नकल कराए जाने का मामला सामने आया था। इस मामले को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने गंभीरता से लिया है। जिनके निर्देशानुसार प्राथमिक शिक्षिका संगीता विश्वकर्मा को निलंबित कर दिया गया है। जनजाति कार्य विभाग की सहायक आयुक्त शिल्पा जैन ने बताया कि परीक्षा कक्ष में नियुक्त पर्यवेक्षक संगीता विश्वकर्मा प्राथमिक शिक्षक सेटेलाइट स्कूल गवाड़ीढाना (पडार) संकुल केन्द्र उच्चतर माध्यमिक शाला गुरुवापिपरिया के द्वारा ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न पत्र हल कर नकल कराये जाने का विडियो संज्ञान में आने के पश्चात् उक्त कृत्य के लिये मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत संगीता विश्वकर्मा, प्राथमिक शिक्षक को कार्यालयीन आदेश द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की गई है।

## मुख्यमंत्री का साफा बांधकर , स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया



**दमोह।** शिवरात्रि का दिन है, इस पवित्र स्थान पर संत जै जै सरकार जी विराजमान है, अजबधाम आकर ऐसा लग रहा जैसे रेगिस्तान में शीतल जल और छांव मिल गई हो, यह क्षेत्र पथरिया का पहले फतेहपुर था, अब अजबधाम हो गया है। परमात्मा करे ऐसे कार्य हमारी सरकार रोज करें, बाबा महाकाल के दरबार में शीश झुककर आया हूं, हम देवी-देवताओं को भोग लगाते है, यह हमारी संस्कृति और परम्परा है, 56 भोग का अलग ही आनन्द है, भगवान भाव के भूखे होते है, उनकी कृपा भक्तो पर है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अजबधाम में महाशिवरात्री के पावन पर्व के अवसर पर श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुये कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर प्रदेश और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंच पर पहुंचकर मलुकपीठ राजेन्द्र दास महाराज, श्रवणआनंद सरस्वती महाराज, किशोरदास जी महराज गौरी कुंज, महंत हरिदास सहित मौजूद संतो को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जै जै सरकार ने मुख्यमंत्री को साफा बांधकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मंच से रिमोट दबाकर फतेहपुर गांव का नाम बदलकर अजबधाम किया। साथ ही मन्दिर प्रबंधन द्वारा बनाये जाने वाले जै जै गुरुकुल का भूमिपूजन किया। उन्होंने अजबधाम की व्यवस्थाओं के लिये 5 लाख रूपये देने की घोषणा की। राज्यमंत्री लखन पटेल की मांग पर मुख्यमंत्री ने पथरिया विधानसभा में विकास कार्यो की सौगात भी दी। उन्होंने राष्ट्रवादी विचारक श्री केसी सुदर्शन जी के नाम से हायर सेकंडरी स्कूल एवं पथरिया में 51 करोड़ की लागत से वायपास की मांग पर घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा संत अपने परिवार, अपना घर, अपना सब कुछ छोड़कर पूरे समाज का मार्गदर्शन करने के लिए आजीवन व्रत लेकर हमारे बीच है, जैसे भगवान सूर्य नारायण अपने आप को जलाकर सभी को रोशनी बिखरते हैं यह संत परंपरा भी हमें ऐसे ही ऊर्जा देती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुदर्शन के नाम से यहां हायर सेकेंडरी स्कूल की घोषणा करते हुये कहा अजबधाम पर सुदर्शन का इतिहास जीवित होना गर्व की बात है। सुदर्शन मूल रूप से इंजीनियर थे उनमें बहुत सारी अलग-अलग प्रकार की प्रतिभाएं थी, उन्होंने कई सारे क्षेत्रों में काम किया खास करके हमारी सनातन संस्कृति में पाश्चात्य विचारों को हटाने के लिए, प्राकृतिक चिकित्सा के लिए, संस्कृत के लिए काम किया। उन्हें बहुत सारी भाषाएं आती थी लेकिन राष्ट्रभाषा का जो प्रेम रहा है वह अमूल्य है। सुदर्शन का एक नहीं कई सारे कर्म से अजब धाम पर इतिहास जीवंत होता है, यह हमारे लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माध्यम से पूरे बुंदेलखंड में नदी जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है, केन-वेतबा लिंक परियोजना से मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड की तकदीर बदलने जा रही है। केन-वेतबा लिंक परियोजना के माध्यम से अब बुंदेलखंड की तकदीर बदलकर समूचे पंजाब को पीछे छोड़ेंगे। यहां के लोगों ने बहुत कष्ट सहे है, अब समय बदला है। उन्होंने किसानो से कहा अब अपनी जमीन छोड़कर नहीं जाना, आपकी जमीन ही आपकी जिंदगी बदलेगी, सरकार सारी व्यवस्था कर रही है। आप अनावश्यक शादी के खर्चो से बचिए, पैसा शिक्षा पर खर्च करिए।

अब 2600 रूपये प्रति क्विंटल के मान से गेहूं खरीदा जाएगा। मध्य प्रदेश में युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए, किसान, महिलाओं, गरीब सभी की जिंदगी बदलने के लिए अभियान चलाया हुआ है, मध्य प्रदेश के अंदर एक-एक युवा को उसके लायक काम दिलाने का हमारा संकल्प है, इस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।

इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह, पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक, मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, गोपाल पटैल, जनपद अध्यक्ष बटियागढ़ रामरानी, जनपद अध्यक्ष पथरिया खिलान अहिरवार, धर्मेन्द्र कटारे, गौरव पटैल, लोकेन्द्र पटैल (लकी भैया) कार्यक्रम के आयोजक देव राम कुमार, मन्दिर के महंत रामनुग्रह दास छोटे सरकार सहित श्रद्धालुजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.आलोक सोनवलकर ने एवं आभार प्रदर्शन भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने व्यक्त किया

# प्रधानमंत्री मोदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में बाग प्रिंट कला को सराहा



## खुद बाग प्रिंट का ठप्पा लगाकर पारंपरिक कला को किया प्रोत्साहित

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट भोपाल में एमपी पवेलियन का अवलोकन किया। जहां मध्यप्रदेश के हस्तशिल्प, टेक्सटाइल और स्थानीय उद्योगों का प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बाग प्रिंट के युवा शिल्पकार मोहम्मद आरिफ खत्री के स्टॉल का अवलोकन किया और खुद बाग प्रिंट का ठप्पा लगाकर इस पारंपरिक कला की महत्ता को रेखांकित किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। भोपाल में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 60 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें 13 राजदूत, 6 उच्चायुक्त और कई महावाणिज्यदूत मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि आरिफ खत्री, जो 15 वर्षों से इस कला में सक्रिय हैं, ने बाग प्रिंटिंग को आधुनिक डिजाइनों और तकनीकों से जोड़ते हुए इसे वैश्विक पहचान दिलाई है। उन्हें 2021 में यूनेस्को एवं विश्व शिल्प परिषद द्वारा अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया था। उनके परिवार ने अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, जापान, रूस, स्पेन सहित कई देशों में बाग प्रिंट का प्रदर्शन कर भारत और मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है।

# बजाज एलियांज लाइफ बना बीमा-एएसबीए सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता

**पुणे , एजेंसी।** भारत के प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक बजाज एलियांज लाइफ, बीमा-एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (बीमा—एएसबीए) सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता बन गया है। यह उपलब्धि भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) की उस पहल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य संचालन को आसान बनाना, पॉलिसीधारकों की सुविधा बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और बीमा प्रीमियम भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना है। बीमा-एएसबीए प्रीमियम भुगतान को आसान और ग्राहक अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इरडाई की इस पहल के तहत पॉलिसीधारक यूपीआई के वन-टाइम मैंडेट (ओटीएम) का विकल्प चुन सकते हैं। इसके जरिए वे अपने बैंक खाते में एक तय राशि (2 लाख रुपए तक) ब्लॉक करने की अनुमति देते हैं। यह पैसा तब तक खाते में ही रहेगा जब तक बीमा कंपनी अंडरराइटिंग प्रक्रिया पूरी कर प्रस्ताव को स्वीकार नहीं कर लेती।

अगर 14 दिनों के भीतर आवेदन पूरा नहीं होता या प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया जाता है, तो यह राशि अपने आप ग्राहक के खाते में वापस आ जाती है। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित होता है कि पॉलिसी खरीदार का पैसा खाते में ही बना रहे और उस पर ब्याज मिलता रहे। बजाज एलियांज लाइफ ने अपने भुगतान भागीदारों के साथ मिलकर यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक शुरू कर दी है।

## इश्क में की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने दूसरा गाना गलतफहमी को रिलीज़ किया

**मुंबई, एजेंसी।** इब्राहिम अली खान और ख़ुशी कपूर की नादानियाँ के पहले रोमांटिक गाने इश्क में की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने दूसरा गाना गलतफहमी को रिलीज़ किया, जो प्यार की उलझनों को गहराई से दिखाता है। इब्राहिम अली खान और ख़ुशी कपूर पर फिल्माया गया यह गाना सीधे दिल से जुड़ता है। साथ ही यह सुकून देकर गलतफहमियों में खोए प्यार के लम्हों को फिर से जीने का मौका देता है। नादानियाँ, जो पहली बार निर्देशिका बनीं शौना गौतम द्वारा निर्देशित और करण जौहर, अपूर्व मेहता व सोमेन मिश्रा द्वारा धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है, इसने पहले ही इंटरनेट पर लोगों में उत्सुकता बढ़ा कर सुर्खियां बटोर ली हैं। मशहूर संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने कहा कि, हम इश्क में को मिले प्यार के लिए सभी का दिल से शुक्रिया अदा करते हैं, उस रोमांटिक गाने के बाद, गलतफहमी ऐसा गाना है जिसे अंतर आत्मा से महसूस किया जाए, इसके हर सुर में गहरे एहसास झलकते हैं। संगीत जगत के माहिर सचिन-जिगर द्वारा कंपोज़ किया गया, शब्दों के जादूगर अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखा गया और तुषार जोशी व मधुबंती बागची की भावनाओं से भरी आवाज़ से सजा यह गाना हर किसी के दिल से जुड़ी गहरी भावनाओं को छूता है।

## पीयूष गोयल ने एकीकृत इलेक्ट्रिकल उद्योग प्रदर्शनी का आह्वान किया

**मुंबई, एजेंसी।** इलेक्रामा 2025 के तीसरे दिनमिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार श्री पीयूष गोयलने मुख्य भाषण दिया और भारत के ऊर्जा रूपांतरण, नीतिगत दिशानिर्देश और तकनीकी प्रगति से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चाओं के लिए मंच तैयार किया। आईईईएमए के प्रेसिडेंट सुनील सिंघवी, इलेक्रामा के प्रेसेडिंट (इलेक्ट) एवं चेयरमैन विक्रम गंडोत्राऔर आईईईएमए के वाइस प्रेसिडेंट एवं इलेक्रामा 2025 के वाइस चेयरमैन सिद्धार्थ भूटोरियाजैसे दिग्गजों के साथ, पीयूष गोयल ने डॉमेस्टिक मैन्युफैक्चरिंग को मजबूती देने, क्लीन एनर्जी अपनाने को प्रोत्साहन, नवाचार और सहयोग के जरिये भविष्य के लिए तैयार बिजली क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।उन्होंने अपने संबोधन में सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्युशंस में ग्लोबल लीडर बनने के भारत के विज़न पर जोर दिया और नीतिगत समर्थन, रणनीतिक उद्योग साझेदारी और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में निवेश के महत्व के बारे में बताया। मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार श्री पीयूष गोयल ने भारत के इलेक्ट्रिकल उद्योग से एक एकीकृत विश्वस्तरीय प्रदर्शनी मंच (एक्सपोजिशन प्लेटफॉर्म) तैयार करने, भारत को इलेक्ट्रिकल और ऊर्जा समाधानों के लिए वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने का आग्रह किया।

## सेंटरफ्रूट ने कुंभ मेले के जीभ लपलपाने वाले स्ट्रीट फ़ूड का किया प्रदर्शन

**मुंबई, एजेंसी।** महाकुंभ मेला एक अनोखा अनुभव है, जहां रंग, ध्वनियां और स्वाद मिलकर यादगार पल बनाते हैं। मेले की एक खास बात है यहां मिलने वाला विविध और स्वादिष्ट भोजन है। चटपटी चाट से लेकर गरमा-गरम जलेबियों तक, कुंभ का स्ट्रीट फूड सिर्फ पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि एक साझा आनंद भी है, यात्रा की थकान मिटाने का अवसर और महोत्सव के बीच स्वाद का एक खास पड़ाव है। इस साल, सेंटरफ्रूट ने महाकुंभ मेले के स्वाद के अनुभव को और भी मजेदार बना दिया है। मेले में आने वाले लोगों को सबसे बेहतरीन स्ट्रीट फूड स्टॉल तक पहुँचाने के लिए 200 से अधिक फूड स्टॉल्स पर आकर्षक बैनर लगाए गए, जिससे वे आसानी से टेस्टी फूड्स का आनंद ले सकें और हर फूड स्टॉप एक 'जीभ लपलपाई' पल बन जाए। इस खोज को और आसान बनाने के लिए, सेंटरफ्रूट के 'कैसी जीभ लपलपाई' बिलबोर्ड्स पूरे शहर और स्थानीय टैक्सियों में भी लगाए गए है, जो मेले के सबसे लोकप्रिय फूड हॉटस्पॉट तक सीधा मार्ग दिखा रहे थे। चाहे कोई चटपटा स्ट्रीट स्नैक हो या कोई प्रसिद्ध स्थानीय फूड्स, सेंटरफ्रूट ने फूडीज़ को महाकुंभ मेले में सबसे बेहतरीन टेस्ट तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई !

## 3 में से 2 भारतीय बादाम को हाई-प्रोटीन स्नैक मानते हैः सर्वे

**भोपाल।** वर्ल्ड प्रोटीन डे के मौके पर, आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया के सहयोग से यूगोव द्वारा किए गए एक नए सर्वे में पता चला है कि ज्यादातर भारतीय प्रोटीन को एनर्जी पाने और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए बेहद जरूरी मानते हैं। भारत के 17 शहरों में 4,300 लोगों पर किए गए इस सर्वे में यह बात सामने आई कि 3 में से 2 भारतीय (65 प्रतिशत) बादाम को हाई-प्रोटीन स्नैक मानते हैं। लखनऊ (38 प्रतिशत), तिरुवनंतपुरम (37 प्रतिशत), कोयंबटूर (34 प्रतिशत), गुवाहाटी (34 प्रतिशत) और इंदौर (31 प्रतिशत) जैसे छोटे शहरों में बादाम को प्रोटीन के स्रोत के रूप में ज्यादा पहचान मिली है। दिलचस्प बात यह है कि इन शहरों में पहचान का स्तर बड़े शहरों से ज्यादा था, जिससे पता चलता है कि शहरी के बाहर भी बादाम को प्रोटीन से भरपूर स्नैक के रूप में ज्यादा स्वीकार किया जा रहा है। सर्वे में पाया गया कि भारत में प्रोटीन के लिए बादाम टॉप पांच विकल्पों में शामिल हैं। प्रोटीन का एक प्राकृतिक स्रोत, बादाम - खासकर कैलिफोर्निया आमंड्स - 15 जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिनमें स्वास्थ्यवर्धक फैट्स, डाइटरी फाइबर, मैग्नीशियम, पोटेशियम और जिंक शामिल हैं। रोजाना खाने पर, ये कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं, जिससे वे भारतीयों के बीच एक पसंदीदा स्नैकिंग विकल्प हैं। नए सर्वे के नतीजों के बारे में, एमबीबीएस और न्यूट्रीशनिस्ट डॉ. रोहिणी पाटिल ने कहा, इस वर्ल्ड प्रोटीन डे पर, मैं बताना चाहती हूं कि प्रोटीन एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है, और भारतीय उपभोक्ता इसके फायदों के बारे में तेजी से जागरूक हो रहे हैं।

## किआ इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में पेश की नई ईवी6

**नईदिल्ली, एजेंसी।** किआ ईवी6 में 5 नए ऑटोनॉमस फीचर्स जोड़े गए हैं, जो इसे और भी सुरक्षित और स्मार्ट बनाते हैं। यह इलेक्ट्रिक वाहन 650+ किलोमीटर की रेंज प्रदान करता है, जो इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक में किआ की उत्कृष्टता को दिखाता है। नई दिल्ली, 17 जनवरी 2025- भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में किआ इंडिया ने अपनी नई ईवी6 का अनावरण किया। कंपनी ने घोषणा की है कि इस इलेक्ट्रिक वाहन की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। यह वाहन किआ की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा का एक और महत्वपूर्ण कदम है। नई किआ ईवी6 सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। यह वाहन कंपनी के एडीएएस 2.0 पैकेज से लैस है, जिसमें 27 उन्नत सुरक्षा और ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स शामिल हैं। पिछले मॉडल की तुलना में इसमें 5 नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जो इसे और भी बेहतर बनाती हैं। नई किआ ईवी6 में ये उन्नत सुरक्षा फीचर्स दिए गए हैं इनमें फ्रंट कोलिजन अवॉइडेंस असिस्ट - शहर, पैदल यात्री, साइकिल चालक और जंक्शन टर्निंग के लिए; फॉरवर्ड कोलिजन अवॉइडेंस -जंक्शन क्रॉसिंग और लेन चेंज असिस्ट के साथ, लेन फॉलो असिस्ट वाहन को लेन में बनाए रखने के लिए, इवेसिव स्टीयरिंग असिस्ट- टक्कर से बचने के लिए शामिल हैं।

## सूर्या रोशनी ने घरेलू और कमर्शियल इस्तेमाल के लिए नए मोनोब्लॉक पंप्स लॉन्च किए

**ग्वालियर।** भारत में लाइटिंग, फैन, होम अप्लायंसेस, स्टील और पीवीसी पाइप्स के लिए मशहूर और भरोसेमंद ब्रांड सूर्या रोशनी अब जल आपूर्ति के क्षेत्र में भी नया समाधान लेकर आया है। अपने इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के जरिए कंपनी ने ऐसे पंप्स बनाए हैं, जो घरेलू और कमर्शियल दोनों तरह के इस्तेमाल के लिए बेहतरीन हैं। सूर्या रोशनी के ये नए मोनोब्लॉक पंप्स 1.0 एचपी और 0.5 एचपी के वेरिएंट में उपलब्ध हैं, जो घरों, गार्डन, होटलों और छोटे बिज़नेस के लिए उपयोगी हैं। इन पंप्स को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये लगातार सही जल प्रवाह और दबाव बनाए रखें। यह 8 मीटर तक की ऊंचाई तक पानी खींच सकते हैं और इनमें सेल्फ-प्राइमिंग फीचर दिया गया है, जिससे इन्हें इस्तेमाल करना बेहद आसान हो जाता है। लॉन्च के मौके पर सूर्या रोशनी के सीईओ - लाइटिंग और कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स, जितेंद्र अग्रवाल ने कहा, हम हमेशा ऐसे प्रोडक्ट्स बनाने पर जोर देते हैं।

## कोटा में 'कोटा केयर्स' के तहत महत्वपूर्ण घोषणाएं

**कोटा।** कोटा में जिला प्रशासन ने 'कोटा केयर्स' अभियान के तहत कोचिंग स्टूडेंट्स के हित में व्यापक सुधार के लिए कई घोषणाएं की है। ये सुधार कोटा में स्टूडेंट्स हित में हो रहे बदलाव के क्षेत्र में कोटा के दृष्टिकोण को प्रदर्शित करेंगे। कोटा के हॉस्टल एसोसिएशन और कोचिंग के साथ मिलकर, जिला प्रशासन के सहयेग से हुई इन घोषणाओं में आवास, सुरक्षा मापदण्ड और सपोर्ट सिस्टम में बड़े बदलाव हैं जो कोटा में केयरिंग के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे। कोटा में दिसम्बर 2024 में कोटा केयर्स अभियान की शुरुआत की गई थी जो कि स्टूडेंट सपोर्ट और शैक्षिक उत्कृष्टता से परे जाकर केयरिंग के लिए एक नया इकोसिस्टम विकसित करने के उद्देश्य से थी। यह पहल जिला प्रशासन, कोचिंग संस्थानों, हॉस्टल एसोसिएशन्स और स्थानीय नागरिकों को एकजुट करके स्टूडेंट्स के लिए समन्वित प्रयास है।

# मध्यप्रदेश में बनेगा दुबई जैसा स्मार्ट शहर 2 हजार करोड़ की लागत से होगा विकसित



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दौरान घोषणा की कि उज्जैन में दुबई मॉडल पर नया शहर बसाया जाएगा। यह शहर 3300 हेक्टेयर में बनेगा, जिसमें आधुनिक सुविधाएं, स्कूल, अस्पताल और धार्मिक स्थल होंगे। इसका उद्देश्य सिंहस्थ 2028 और पर्यटन को बढ़ावा देना है। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक अहम घोषणा की। उन्होंने बताया कि राज्य में एक नया शहर बसाने की योजना है, जो दुबई की तर्ज पर तैयार होगा। यह नया शहर उज्जैन में विकसित किया जाएगा और इसका निर्माण 3300 हेक्टेयर में किया जाएगा। इस शहर को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिसमें स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल होंगी। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना का उद्देश्य सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए धार्मिक दृष्टिकोण से भी इसे खास बनाने की बात की। इस योजना के तहत, साधु-संतों और शंकराचार्यों को स्थायी रूप से भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, यहां आश्रम और धर्मशालाओं का भी निर्माण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 2000 करोड़ रुपये है।

**इस शहर में अत्याधुनिक बुनियादी सुविधाएं होंगी:** नई योजना के तहत, शहर में 200 फीट चौड़ी सड़कों का निर्माण किया जाएगा, ताकि यातायात को सुगम बनाया जा सके। इस परियोजना के लिए जिम्मेदारी को दी गई है। साथ ही, इस शहर में अत्याधुनिक बुनियादी सुविधाएं होंगी, जैसे कि अंडरग्राउंड सीवर सिस्टम और बिजली लाइनों का अंडरग्राउंड सिस्टम। बारिश के पानी की निकासी के लिए भी एक उन्नत व्यवस्था तैयार की जाएगी।

**क्या है इस योजना का मुख्य उद्देश्य:** मध्यप्रदेश में बनेगा दुबई जैसा स्मार्ट शहर, 2 हजार करोड़ की लागत से होगा विकसित यह नया शहर आने वाले तीन वर्षों में आकार लेगा, और इसके निर्माण से मध्यप्रदेश के विकास को एक नई दिशा मिलेगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के धार्मिक और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना है।

# डीओओएच अपनी वृद्धि को तकनीकी नवाचार के साथ आसमान छुएगा

आउट-ऑफ़-होम विज्ञापन, जिसे बाहरी विज्ञापन भी कहा जाता है, बिलबोर्ड्स, साइनज, या अन्य अत्यधिक दृश्य, अत्यधिक प्रभावशाली मीडिया को संदर्भित करता है जो सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित होता है, जिन्हें लोग हर दिन चलते या गाड़ी चलाते हुए देखते हैं। यह विज्ञापनदाताओं के लिए अपने लक्षित दर्शकों से जुड़ने का एक बड़ा अवसर भी प्रस्तुत करता है, खासकर उनके व्यक्तिगत उपकरणों के भीड़-भाड़ वाले संदर्भ से बाहर। जैसे-जैसे विज्ञापन परिदृश्य विकसित हो रहा है, आउट-ऑफ-होम विज्ञापन निस्संदेह दुनिया भर में दर्शकों तक पहुंचने और उन्हें संलग्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। ब्रांड्स के लिए जो एक प्रभावशाली बयान देना चाहते हैं और उपभोक्ताओं से अर्थपूर्ण तरीके से जुड़ना चाहते हैं, ओओएच विज्ञापन एक ऐसी निवेश है जिसे किया जाना चाहिए। एक प्रमुख प्रवृत्ति है डिजिटल आउट-ऑफ-होम (डीओओएच) का उभार, जो 2024 में 12-15 प्रतिशत बढ़ा, विशेष रूप से बड़े शहरों में तकनीकी प्रगति के कारण। इस साल जनवरी में, मैं न्यूयॉर्क के टाइम स्क्वायर गया था, जहाँ मैंने एक 3-डी एलईडी स्क्रीन देखी। मुझे इससे प्रेरणा मिली और मैंने इस उद्देश्य के लिए अपनाए गए तकनीकों को भारत में लाने की इच्छा जताई। ब्राइट को देश में अत्याधुनिक तकनीक पेश करने वाला पहला बनना चाहिए। हालांकि, इन स्क्रीन का 70 प्रतिशत छोटे फॉर्मेट्स होते हैं, जो मॉल्स, ट्रांज़िट क्षेत्र और कॉर्पोरेट हब्स जैसे स्थानों पर होते हैं। डीओओएच की वृद्धि 2025 में तेज होने की उम्मीद है, जिसमें अधिक रोड पर और वातावरणीय स्क्रीन शामिल होंगी। वर्तमान में, डीओओएच ओओएच बाजार का 10 प्रतिशत हिस्सा रखता है, और जबकि प्रोग्रामैटिक विज्ञापन अभी भी अपने शुरुआती चरणों में है, यह नवाचार से प्रेरित है, जो मीडिया गुणवत्ता और दृश्यता की सीमा को बढ़ा रहा है।.

ओओएच विज्ञापन ने उपभोक्ताओं की विघटन से मुक्त अनुभव की इच्छा को पूरा किया, जिसके कारण 2024 में हवाई अड्डों, मॉल्स और मेट्रो स्टेशनों जैसे उच्च-फुटफॉल स्थानों पर वृद्धि देखी गई। 2025 में हवाई यात्रा में 7-10 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, और गैर-मेट्रो हवाई अड्डों पर भी विज्ञापनदाताओं के साथ आकर्षण बढ़ रहा है।

मॉल्स में डिजिटल ओओएच क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, खासकर लक्जरी और ब्यूटी ब्रांड्स इस स्थान का उपयोग करके अपने दर्शकों से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा, बढ़ता मेट्रो नेटवर्क स्टेशन नामकरण अधिकारों के माध्यम से, साथ ही स्थिर और डिजिटल विज्ञापनों के जरिए रोमांचक ब्रांडिंग अवसर प्रदान करता है। मुझे सच में विश्वास है कि ओओएच विज्ञापन का दायरा विशाल है, जो रियल एस्टेट से लेकर मनोरंजन जैसे कई उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करता है। ब्राइट आउटडोर मीडिया में, हमने आउटडोर विज्ञापन में एक नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिसे हमारे व्यापक नेटवर्क, नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण और मजबूत ग्राहक संबंधों के लिए जाना जाता है। उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ने हमें ओओएच उद्योग में एक विश्वसनीय ब्रांड बना दिया है। 2025 में, ओओएच उद्योग निरंतर वृद्धि के लिए तैयार है, जिसमें डिजिटल और तकनीकी नवाचारों, बढ़ी हुई पायाभूत सुविधाओं और अधिक उपभोक्ता गतिशीलता पर जोर दिया जाएगा। ओओएच विज्ञापन राजस्व 2023 में 4,140 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 4,650 करोड़ रुपये हो गया, जो साल दर साल 12 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि को दर्शाता है।

यह डिजिटल ओओएच, हवाई अड्डों और नियमित आउटडोर में त्रीवट वृद्धि है, जिसने 2023 में 13 प्रतिशत और 2024 में 12 प्रतिशत की वृद्धि को जन्म दिया है। एक और महत्वपूर्ण वृद्धि कारक संसदीय चुनाव थे, जिनमें सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी चुनावी मुहिमों के लिए इस माध्यम का उपयोग किया। वर्गों के हिसाब से, रियल एस्टेट ने 28 प्रतिशत की अत्यधिक उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई, जिसने 2024 में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया, जो 2023 में 789 करोड़ रुपये था। जब ओओएच की मांग बढ़ रही है, तब टीवी विज्ञापनदाताओं की संख्या में महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई है, जिसमें 2023 में 11,100 से घटकर 2024 में 8,650 हो गई है। 2025 में उम्मीद की जा रही है कि टीवी 2,000 करोड़ रुपये बढ़ेगा, 2025 में 6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ, जिससे कुल राशि 36,520 करोड़ रुपये हो जाएगी। हालांकि, इसके कुल विज्ञापन खर्च में हिस्सेदारी और कम होने की संभावना है, जो 30 प्रतिशत पर स्थिर हो सकती है, जिससे यह डिजिटल के बाद दूसरा सबसे बड़ा माध्यम बन जाएगा। पिछले 5 वर्षों से, कुल रेडियो उद्योग लगभग 2 प्रतिशत पर स्थिर रहा है, हालांकि यह 2,260 करोड़ रुपये से घटकर 1,270 करोड़ रुपये हो गया है। पुरानी मॉडल को बदलने वाला डिजिटल रेडियो, जो नवाचार और दृष्टिकोण को एकीकृत कर रहा है, उपभोक्ताओं के लिए एक आकर्षण बन रहा है।

ओओएच की तुलना में रेडियो विज्ञापन अपनी मुख्य सीमा, वीडियो के अभाव के कारण कोई खास प्रभाव नहीं डाल पाता। प्रिंट का कुल विज्ञापन क्षेत्र में हिस्सा धीरे-धीरे घटेगा। 2024 में 19 प्रतिशत हिस्से से, प्रिंट का योगदान 2025 में थोड़ी गिरावट के साथ 18 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। यह घटाव डिजिटल मीडिया की तेज़ी से बढ़ती प्रवृत्ति को दर्शाता है। मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं के बीच 1 लाख करोड़ रुपये के बढ़े हुए उपयोगी आय के साथ, ब्रांड्स को लाभ होने की संभावना है और वे मार्केटिंग और विज्ञापन में अधिक सहजता से निवेश करेंगे। केंद्रीय बजट उपभोक्ता खर्च को बढ़ाता है, डिजिटल नवाचार को बढ़ावा देता है और एमएसएमई और स्टार्टअप्स की वृद्धि को समर्थन देता है। यह आने वाले वर्षों में भारत में अत्यधिक वृद्धि का संकेत देता है।

**डॉ. योगेश लखानी**
**ब्राइट आउडडोअर मीडिया लिमिटेड के सीएमडी**

## बजाज ने महाकुंभ श्रद्धालुओं के लिए सेवा केंद्र खोलकर यात्रा को सुगम बनाया


**मुंबई, एजेंसी।** महाकुंभ मेला 2025 में जहां लाखों लोग आस्था की डुबकी लगाने निकले हैं, वहीं बजाज ने 24×7 सेवा केंद्र की सुविधा के साथ उनकी यात्रा को आरामदायक बना दिया। पवित्र मौनी अमावस्या के दिन से, बजाज ने थके हुए श्रद्धालुओं को मुफ्त गर्म पानी की थैलियां दीं, जिससे उन्हें कड़ाके की ठंड में जरूरी गर्माहट और आराम मिला। लगभग 1,00,000 से ज्यादा भक्तों को यह सेवा देकर, बजाज ने हर यात्रा में एक भरोसेमंद साथी होने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।



# महाशिवरात्रि पर शिवालायों में उमड़ी भक्तों भीड़

## रामेश्वर धाम में भगवान शिव के दर्शन करने के लिए पहुंचे हजारों भक्त, ग्रहण किया भगवान शिव का महाप्रसाद





**छिन्दवाड़ा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रामेश्वर धाम सिहोरामाल में सांसद ने परिवार सहित सुबह विधि विधान से भगवान शिव की पूजन अर्चन कर अभिषेक किया, इसी के साथ ही मंदिर प्रांगण में स्थापित की गई हनुमान जी की प्रतिमा का भी विधि विधान से पूजन कर उसका अनावरण किया। इस दौरान रामेश्वर धाम में भगवान शिव के दर्शन करने के लिए छिंदवाड़ा जिले सहित अन्य जिलों भर से हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे, जिन्होंने भगवान शिव का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया।

छिंदवाड़ा में श्री रामेश्वर धाम सेवा ट्रस्ट द्वारा स्थापित की गई, 81 फीट की रामेश्वर धाम स्थित विशाल भगवान शिव की प्रतिमा के दर्शन करने के लिए छिंदवाड़ा सहित अन्य जिलों एवं प्रयागराज जा रहे और वहां से लौट कर आ रहे अन्य राज्यों के शिव भक्त यहां पहुंचे हुए थे। इस दौरान श्री रामेश्वर धाम सेवा ट्रस्ट द्वारा शिव भक्तों के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई थी, जिसमें भी सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भगवान शिव का प्रसाद ग्रहण किया।



श्री रामेश्वर धाम सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा यहां पहुंचने वाले सैकड़ों शिव भक्तों के लिए पर्याप्त भंडारे, पानी एवं बैठक व्यवस्था की गयी थी। रामेश्वर धाम में स्थापित विशाल शिव प्रतिमा की करीब से एक झलक पाने और फोटो लेने के लिए भक्तों की कतार लगी रही। रामेश्वर धाम की व्यवस्था संभालने में श्री रामेश्वर धाम सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाजसेवी संगठनों से कई सदस्य, स्थानीय ग्रामवासियों व महिला मंडल की महिलाएं एवं प्रशासनिक अमला सुबह से देर रात तक लगा रहा। श्री रामेश्वर धाम सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उक्त आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है।

### पातालेश्वर धाम में फलाहारी भंडारा...

**छिंदवाड़ा।** देवों के देव महादेव के पावन पर्व शिवरात्रि के इस पावन अवसर पर शहर के प्रसिद्ध सम्माननीय पदाधिकारी राकेश उईके के नेतृत्व में युवा मित्र मंडल द्वारा प्रसिद्ध पातालेश्वर धाम में महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं और शिव के उपासकों को ध्यान में रखते हुए फलाहारी भंडारे का एक भव्य आयोजन किया गया। फलाहारी भंडारे के आयोजन के साथ ही दूध चाय आदि का वितरण भी किया गया। शिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर सुबह 7ः00 से युवा समाज सेवी अखिल सूर्यवंशी और उनके साथ युवा मित्र मंडल ने लगभग 5 क्विंटल फलाहारी, लगभग 200 लीटर दूध चाय, 50 क्रेट केले, शुद्ध पेयजल और पुरिया का भी वितरण किया। साथ ही जिन एक बार ही उपयोग होने वाले पात्रों (डिस्पोजल पात्रों) में सामग्री वितरित की जा रही थी वो इधर-उधर फेंक कर गंदगी ना फैलाएं इसको ध्यान में रखते हुए युवा समाज सेवी गणेश वर्मा के नेतृत्व में युवा मित्र मंडल ने पातालेश्वर धाम शिवालय के प्रांगण में स्वच्छता अभियान भी चलाया। एक भव्य पंडाल में समाजसेवी अखिल सूर्यवंशी एवं विवेक मालवी और युवा मित्र मंडल के पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा पातालेश्वर धाम शिवालय में आने वाले श्रद्धालुओं और उपासकों को श्रद्धा के साथ फलाहार दूध चाय आदि का वितरण किया गया। फलाहारी भंडारे के संयोजन में मुख्य रूप से शेखर मालवीय, राकेश उईके ,विवेक मालवीय, अखिल सूर्यवंशी,विट्ठू जावडकर , विजय मालवी, अजय मालवीय, सुभाष यादव, सतेन्द्र तेकाम, बंटी राउत, डॉ राम आमगोरिया आलोक चौधरी, गणेश वर्मा, सुरज मालवीय, युवराज साहू,अंकित सूर्यवंशी,दिव्यांश मालवीय, विजय मालवीय, भूपेंद्र सहित समिति के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं प्रदान की। वहीं शिवरात्रि के इस पावन पर्व पर हर हर महादेव के जय घोष से पातालेश्वर धाम शिवालय का पूरा प्रांगण गूंजायमान हो रहा था।

### भक्तप्रिय मोक्षधाम सेवा समिति चंदननगर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन छिंदवाड़ा के तत्वाधान में महाकालेश्वर मंदिर, मोक्षधाम चंदन नगर छिंदवाड़ा में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी चिकित्सकों ने लगभग 400 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरतमंद को दवा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में नीमा अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू, सचिव डॉ अरविंद राऊत, डॉ हरीश सतनामी, डॉ पवन नेमा, डॉ मयंक कुमार साहू, डॉ कमलेश सोनारे, प्रियंका बरकोरिया, नवीन बरोदे, सिधांत गोडबोले, श्री भगवत चौबितकर और भक्तप्रिय मोक्षधाम सेवा समिति चंदननगर के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### पुराना बैल बाजार स्थित भगिया बाई शिव मंदिर में महारुद्राभिषेक

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पुराना बैल बाजार स्थित भागिया बाई शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का भव्य महा रुद्राभिषेक संपन्न हुआ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन पंडित नवीन शुक्ला द्वारा करवाया गया इस अवसर पर पंडित जी द्वारा बताया गया आज के दिन भगवान शिव का अभिषेक करने से कालसर्प दोष से मुक्ति शीघ्र विवाह की कामना संकटों से छुटकारा हेतु भगवान भोलेनाथ का महाराज अभिषेक करवाया जाता है इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ गणेश प्रसाद साहू डॉ मयंक कुमार साहू, सुभाष साहू, शेखर साहू सहित अन्य सामाजिक बंधु तथा समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### पंचेश्वर हनुमान मंदिर गांधी गंज में हुआ रुद्रअभिषेक

महाशिवरात्रि पर पंचेश्वर हनुमान मंदिर गांधी गंज में निर्माणाधीन हनुमान मंदिर प्रांगण में गांधी गंज व्यापारी मंडल समिति द्वारा रुद्र अभिषेक किया गया। समिति के नितेश राठी व जितेश अग्रवाल सपत्नीक जजमान बन पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, अशोक संचेती, गोपीचंद नथानी, शरद पनपालिया, नवनीत राठी, सिद्धांत अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, सचिन चौरसिया उपस्थित थे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने भगवान शिव की आराधना कर भंडारों में दी सेवा



**छिंदवाड़ा।** भाजपा के शुभंकर जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पातालेश्वर महादेव मंदिर एवं मोक्षधाम स्थित श्री महाकाल मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा पूजन उपरान्त शहर में आयोजित विभिन्न भंडारों में शिव भक्तों को सेवा देते हुए भक्तों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी गई।भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि भगवान शिव शंकर सदा शाश्वत है। इसीलिए शिव ही सत्य है कहा जाता है। वे अति सहज हैं और जल और बिल्वपत्र से प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिव आराधना में ही परम सुख की अनुभूति होती है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ रमेश पोफली, विजय पांडे, संजय पटेल, दीनदयाल मोहने, श्रीमती गरिमा दामोदर, भारत घई, राकेश माइकल पहाड़े, संदीप चौहान, दीपक कोल्हे, दिनेश यादव दिनसू, अनीश पटेल, शैलेन्द्र यादव, प्रतीक दामोदर सहित सहयोगी कार्यकर्ताओं ने शिवभक्त की सेवा की।

# सामूहिक विवाह आयोजन के साथ होगा कल्याणी विवाह

## विधवाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही उनके जीवन की नई शुरुआत करने हेतु की जा रही पहल

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन के साथ मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह का भी आयोजन किया जायेगा। जिसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में निर्देश जारी कर दिये गये है।उल्लेखनीय है कि प्रदेश में निवासरत कल्याणियों (विधवा) को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने एवं उनके जीवन की नई शुरूवात करने हेतु प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना वर्ष 2018 में प्रारंभ की गई थी। शासन की यह कल्याणकारी योजना निरंतर संचालित की जाकर कल्याणियों को विवाह उपरांत 2 लाख की आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया है। सांसद श्री साहू ने कहां कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गत दिनों आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में सामूहिक विवाह आयोजन के साथ-साथ कल्याणी विवाह को प्रोत्साहित करने के लिये मंत्रियों को अवगत कराया गया है। उक्त योजना का प्रदेश एवं जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना है, जिससे जरूरतमंद कल्याणियों को अधिक-से-अधिक लाभ मिल सके। इसके लिये कल्याणी विवाह पोर्टल भी बनाया गया है, जिसके अंतर्गत जरूरतमंद कल्याणियों की जानकारी सुलभता से उपलब्ध हो सके। सांसद साहू ने जिले भर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि ऐसी कल्याणी विधवा बहनों तक यह जानकारी भेजकर उन्हें इस योजना से जोड़े, जिससे कि उन्हें शासन की इस योजना का लाभ मिल सकें।

**मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के पात्रता के मापदंड**

- कल्याणी व कल्याणी का पति म.प्र. के मूल निवासी हो। - विवाह के समय कल्याणी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष या उससे अधिक व कल्याणी के पति की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक हो। - कल्याणी आयकरदाता न हो तथा कल्याणी शासकीय कर्मचारी/अधिकारी न हो, किसी राज्य/केंद्र सरकार या शासन हित पोषित निगम, उपक्रम, संस्था के अधीन कार्यरत कर्मचारी/अधिकारी न हो। - कल्याणी को परिवार पेंशन प्राप्त न हो रही हो। - कल्याणी का जिस व्यक्ति से विवाह हुआ हो उसकी पूर्व से कोई जीवित पत्नि न हो। - कल्याणी व कल्याणी के पति की समग्र आई.डी. में पंजीयन हो।

# महाशिवरात्रि पर निकल गई बारात विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**अमरवाड़ा।** नगर के गरमेटा पर्वत शिव धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर लगा विशाल मेला सुबह से शाम तक लोगों की लगी रही भीड़ विविध धार्मिक कार्यक्रम अभिषेक आयोजित जानकारी के अनुसार शिव धाम मंदिर में भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग की विशेष पूजा अर्चना अभिषेक के बाद यहां पर हवन और भंडारे का विशेष आयोजन किया गया इस मौके पर बड़ी संख्या में नगर वासी मौजूद रहे और सुबह से शाम 5 बजे तक यहां पर लोगों का आना-जाना किया लगा रहा मोबाइल एसोसिएशन के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन हुआ और त्रिशूल चढ़ने वालों की निरंतर भीड़ लगी रही

वही महाकाल मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए यहां विधि विधान के साथ रुद्राभिषेक हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन हुआ अमरवाड़ा में त्रिशूल शोभायात्रा निकालकर महाकाल को त्रिशूल अर्पित किया गया इस दौरान भोलेनाथ की झांकी बनाई गई जो आकर्षण का केंद्र रही तो वही पंचमुखी शिव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की विशाल बारात निकाली गई जिसमें भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र ही वही भगवान भोलेनाथ माता पार्वती की झांकी बनाई गई और जिनका विवाह भी किया

# छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में शिव तांडव स्त्रोत का आयोजन



**छिन्दवाड़ा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अधिष्ठाता डॉ.अभय कुमार के निर्देशन में छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में शिव तांडव स्त्रोत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ.विपिन कुमार जैन, सीनियर फैकल्टी डॉ.शिरपुरकर, डॉ.गंधे, डॉ.सैयाम, डॉ.भूपेंद्र, डॉ.तपेश, डॉ.मनोरे, डॉ.दिनेश, डॉ.नितिन, डॉ.सोनाली, डॉ.चंचलेश सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे। आयोजन कमेटी में डॉ.हेमंत अहिरवार एवं डॉ.मेघा जैन ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन हिमांशी, अनिर्विन, रितेश, समरिता और हरीश ने किया। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं के साथ सभी चिकित्सकों ने भावविभोर होकर शिव स्तुति की।

# 4 सहकारी संस्थाओं के लिए परिसमापक नियुक्त

**छिन्दवाड़ा।** उप आयुक्त सहकारिता छिंदवाड़ा के आदेशानुसार मध्यप्रदेश सहकारिता अधिनियम 1960 की धारा 70(1) के अंतर्गत 04 सहकारी संस्थाओं नर्मदा फल-फूल साग सब्जी उत्पादक सहकारी समिति मार्यादित रिधौरा, श्री कृष्णा प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित चांदामेटा, आदर्श बीज सहकारी समिति मर्यादित परासिया और एकलव्य मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित सेठिया परासिया के लिये सहकारी निरीक्षक सहकारिता छिंदवाड़ा शशिकला कुलदीप को परिसमापक नियुक्त किया गया है। इसीलिये म.प्र. सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57 (सी) के अंतर्गत इन संस्थाओं के सभी दावेदारों को एतद द्वारा सूचित किया गया है कि वे संस्थाओं के विरुद्ध अपने सभी दावों को इस सूचना पत्र के प्रकाशन की दिनांक से दो माह के अंदर मय साक्ष्य के कार्यालयीन दिवसों में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

श्रीमद् भागवत् सप्ताह कथा पंचम दिवस...

# जहां स्वार्थ समाप्त होता है मानवता वहीं से प्रारम्भ होती है: महाराज

**छिंदवाड़ा।** मानव योनि में जन्म लेने मात्र से जीव को मानवता प्राप्त नहीं होती। यदि मनुष्य योनि मेंजन्म लेने के बाद भी उसमें स्वार्थ की भावना भरी हुई है, तो वह मानव होते हुए भी राक्षसी वृत्ति की पायदान पर खड़ा रहता है। यदि व्यक्ति स्वार्थ की भावना को त्याग कर हमेशा परमार्थ भाव से जीवन यापन करे तो निश्चित रूप से वह एक अच्छा इन्सान है, यानी सुदृढ मानवताकी श्रेणी में खड़ा होकर पर सेवा कार्य में रत है। क्योंकि परमार्थ की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है। परमात्मा श्री कृष्ण की लीलाओं में पूतना चरित्र पर व्याख्यान देते हुए आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने कहा कि कंस स्वयं को सब कुछ समझ लिया। हमसे बड़ा कोई न हो। जो हमसे बड़ा बनना चाहे या हमारा विरोधी हो उसको मार दिया जाय। ऐसा निश्चय कर ब्रज क्षेत्र में जितने बालक पैदा हुए हो उनको मार डालो, और इसके लिये पूतना राक्षसी को भेजा तो प्रभु श्री बालकृष्ण भगवान ने पूतना को मोक्ष प्रदान किया ही इधर कंस प्रतापी राजा उग्रसेन का पुत्र होते भी स्वार्थ लोलुपता अधिकाधिक होने के कारण राक्षसो की श्रेणी में आ गया और भगवान श्री कृष्ण ने उसका संहार किया। माखन चोरी लीला प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आचार्य श्री ने कहा कि दूध, दही, माखन को खा-खाकर कंस के अनुचर बलवान होकर अधर्म को बढावा दे रहे थे, इसलिये प्रभु ने दूध, दही, माखन को मथुरा कंस के अनुचरों के पास जाने से रोका और छोटे-छोटे ग्वाल-बालों को खिलाया जिससे वे ग्वाल-बाल बलवान बनें और अधर्मी कंस के अनुचरों को परास्त कर सकें। भगवान श्री कृष्ण ग्वाल-बालो से इतना प्रेम करते थे कि उनके साथ बैठकर भोजन करते-करते उनका जूठन तक मांग लेते थे।आचार्य श्री ने कहा कि हम जीवन में वस्तुओं से प्रेम करते है और मनुष्यों का उपयोग करतेहै। ठीक तो यह है कि हम वस्तुओं का उपयोग करें और मनुष्यों से प्रेम करें। इसलिये हमेशा से प्रेम की भाषा बोलिये जिसे बहरे भी सुन सकते हैं और गूंगे भी समझ सकते है। प्रभु की माखन चोरी लीला हमें यही शिक्षा प्रदान करती है। विशेष महोत्सव के रूप मे आज श्री गिरिराज पूजन(छप्पन भोग महोत्सव) विशेष धूम-धाम से मनाया गया। कल की कथा में विशेष महोत्सव के रूप में श्री रुक्मिणी विवाह महोत्सव अति हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। आयोजक परिवार रघुवीर साहू, एवं राजेश साहू कथा स्थल पोला ग्राउंड,(दशहरा मैदान) छिंदवाड़ा (म.प.) कथा समय 2 से 6 बजे तक।



# छिंदवाड़ा प्रेस एसोसिएशन ने अपने सदस्यों के लिए कराया 7 करोड़ का बीमा


**छिंदवाड़ा।** छिन्दवाड़ा प्रेस एसोसिएशन ने संरक्षकों के मार्गदर्शन में पत्रकार हित में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने सदस्यों के लिए क़रीब 7 करोड़ रुपए का दुर्घटना बीमा कराया है। यह पॉलिसी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से ली गई है, जिससे एसोसिएशन से जुड़े पत्रकारों को दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। पत्रकार हित संगठन की प्राथमिकता छिंदवाड़ा प्रेस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि हमारा संगठन पत्रकारों के हितों के लिए समय-समय पर लगातार काम करता है यह बीमा योजना पत्रकारों के कल्याण के लिए शुरू की गई है। इसके तहत प्रत्येक सदस्य को एक निश्चित बीमा कवरेज मिलेगा, जो किसी भी अप्रत्याशित दुर्घटना पर स्वयं और उनके परिवार के लिए सहायक होगा। पत्रकारों के लिए एक बड़ी पहल यह पहल जिले के पत्रकारों के लिए एक बड़ी राहत है, क्योंकि पत्रकारों को अधिकतर मैदानी स्तर पर कई बार जोखिम भरी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। बीमा पॉलिसी का उद्देश्य पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करना और उनके परिवारों को आर्थिक रूप से सुरक्षित रखना है। संस्था के प्रत्येक सदस्य का कराया गया बीमा आमतौर देखा जाता है कि मैदानी स्तर पर ख़बर कवरेज करने वाले सदस्यों को ही पत्रकार समझा जाता है लेकिन जनता तक पुख्ता ख़बर परोसने में दफ्तर में काम करने वाले प्रत्येक सदस्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए एसोसिएशन ने संस्था के सभी सदस्यों का ख्याल रखते हुए पियून, कंप्यूटर ऑपरेटर, मार्केटिंग टीम से लेकर संपादक तक सभी का बीमा करवाया है। एसोसिएशन के सदस्यों ने इस कदम का स्वागत किया और इसे पत्रकार हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय बताया।

# दो दिवसीय 60वां वसंतोत्सव एवं सरस्वती जयंती

**स्व. शलिगराम विश्वकर्मा स्मृति संगीत समारोह**

**छिन्दवाड़ा।** प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले संगीत समारोह में इस वर्ष शाम 7 बजे सेपदमश्री उमाकांत एवं श्री अनंत गुदेचा ( भोपाल ) धुप्रद गायन प्रस्तुत करेंगे। पखावज पर संगत पंडित अवधेश द्विवेदी (बांदा) करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रकाश टाटा (मुंबई ) ,अध्यक्ष पंडित संजय भार्गव रहेंगे। इसी अवसर पर नवोदित कलाकारबेनदास कुर्रे ,अनमोल सराठे ,पीयूष मोटघरे ,कत्थक नृत्य एवं साक्षी पंडोले (भोपाल ),शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करेंगे। दिनांक 28 फरवरी शाम 7 बजे से सांसद छिन्दवाड़ा/पांढुर्णा के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ.प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पंडित नयन घोष (मुंबई ) सितारवादन करेंगे। तबला संगत पवन सिडाम (मुंबई ) करेंगे।

# राजेश जैन का निधन



**अमरवाड़ा।** नगर के आजाद वार्ड निवासी राजेश कुमार जैन पिता स्वर्गीय लक्ष्मी प्रसाद जैन सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात्रि को आकस्मिक निधन हो गया है। आप देवेन्द्र कुमार जैन पत्रकार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, अरविंद कुमार जैन, राकेश कुमार जैन के छोटे भाई, अखिलेश जैन के बड़े भाई, अंकुर, अंशुल, कु. आर्ची, लक्ष्य, आगम, अंश के चाचाजी एवं कु. आर्द्रिका के पापा थे। आपकी अंतिम यात्रा आपके निज निवास वार्ड क्रमांक 8, आजाद वार्ड मंगलवार को दोपहर 2 बजे निज निवास से निकलकर मोक्ष धाम पहुंची जहां सभी वर्ग के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अपने मनोविकार शिव को अर्पित करना सच्ची शिवरात्रि: ब्रह्माकुमारी गणेशी दीदी



**छिंदवाड़ा।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर उपस्थित शिव के प्यारे भक्तों को ब्रह्माकुमारी गणेशी बहन ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व को बताते हुए कहा की परमपिता परमात्मा शिव के नाम कर्तव्य वाचक गुणवाचक है, जैसे अमरनाथ सोमनाथ बद्रीनाथ पशुपतिनाथ रामेश्वरम बटेश्वर पापकटेश्वर गोपेश्वर इत्यादि है। आत्मा को अमरता की ओर ले जाते हैं इसलिए अमरनाथ ज्ञान रूपी सोम रस पिलाते हैं इसलिए सोमनाथ मनुष्य के कर्म पशु तुल्य हो जाते हैं तो मनुष्य को पशु जैसे संस्कार से देवत्व की ओर ले जाने के कारण पशुपतिनाथ है। परमपिता परमात्मा शिव अज्ञानता रूपी अंधकार अर्थात कलयुग रूपी घोर रात्रि में अवतरित होते हैं। जिनकी याद में हम शिवरात्रि मानते हैं। शिवरात्रि का अर्थ है कल्याणकारी रात्रि!÷ जिसमें पाप आत्मा, भूत आत्मा, पुण्यात्मा, महान आत्मा, धर्मात्मा सभी प्रकार की आत्माओं का कल्याण करते हैं। परमपिता परमात्मा शिव इस कलयुग रूपी रात्रि में सभी मनुष्य आत्माओं से मनोविकार जैसे काम क्रोध लोभ मोह अहंकार ईर्ष्या घृणा नफरत को अर्पण करने को कहते हैं न की अर्क धतूरा गांजा भांग बीड़ी सिगरेट तंबाकू शराब तमाम नशीली वस्तु को शिव को अर्पण कर देना चाहिए और वह ज्ञान का सागर प्रेम का सागर आनंद का सागर है परमात्मा गुणों में सिंधु है। हम गुणों को जीवन में आत्मसात करने का मुख्य आधार राजयोग मेडिटेशन है। जिससे मनुष्य के संस्कारों में परिवर्तन होने लगता है और जब संस्कार परिवर्तन हो जाता है तब संसार परिवर्तन होने लगता है। आज प्रातः से ही ब्रह्मा कुमारीज के विश्व दर्शन भवन में परमपिता परमात्मा शिव की प्रतिमा शिवलिंग पूजा अर्पण अभिषेक कर शिव ध्वज फहराया गया,साथ ही ब्रह्माकुमारी की विभिन्न गीता पाठशाला के केयर टेकर श्रीमती किरण, पार्वती परतें ,महेश वर्मा, गुलाब बंआदे दिलीप माहओरे श्रीमती शांति गुप्ता आदि अन्य की उपस्थिति में एवं ब्रह्माकुमारी गणेशी दीदी के सानिध्य में दीप प्रज्वलंकर केक कटिंग के साथ माहा प्रसादी वितरण किया गया।

# आज छिन्दवाड़ा आएंगे कमलनाथ व नकुलनाथ

## विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे नेताद्वय

**छिन्दवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का गुरुवार को छिन्दवाड़ा आगमन हो रहा है। आगमन उपरांत नेताद्वय छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित आयोजनों में सम्मिलित होने के साथ ही ईमलीखेड़ा स्थित सीआईआई स्किल सेन्टर के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आ रहे हैं, जबकि पूर्व सांसद नकुलनाथ तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा में रहेंगे। इस दौरान नेताद्वय विभिन्न आयोजनों में उपस्थित होने के साथ ही पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित बैठक में भी सम्मिलित होंगे।पूर्व सीएम कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार दिनांक 27 फरवरी को प्रातः 10 बजे कमलनाथ एवं नकुलनाथ का विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा, तत्पश्चात ईमलीखेड़ा स्थित सीआईआई प्रशिक्षण केन्द्र एवं बजाज सर्विस टेक्निकल एक्सीलेंस प्रोग्राम का शुभारंभ करेंगे। तदोपरांत नेताद्वय का शिकारपुर आगमन होगा, तदोपरांत कमलनाथ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जबकि नकुलनाथ विधायक निधि से निर्मित होने वाले कार्यों का भूमिपूजन करने दोपहर 3.30 बजे उप ब्लॉक पश्चिम के वार्ड क्रमांक 40 राजनगर पहुंचेंगे। अपराहंत 4.30 बजे पूर्व उप ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 13 जगन्नाथ स्कूल के पास आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विधायक निधि के कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। नकुलनाथ का सांय 5.15 बजे नगर निगम ग्रामीण भाग एक के ग्राम सारना में आगमन होगा जहां वे विधायक निधि से निर्मित होने वाले कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे,तदोपरांत उनका शिकारपुर आगमन होगा। 28 फरवरी को कमलनाथ एवं नकुलनाथ का प्रात 10 बजे बिछुआ ब्लॉक के ग्राम धनेगांव में कांग्रेस के आदिवासी नेता स्व. जानिकराम मर्सकोले के निवास पर आगमन होगा। नेताद्वय प्रात 11 बजे हेलीकाप्टर द्वारा पांढुर्ना पहुंचेंगे जहां वे पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी की आयोजित बैठक में सम्मिलित होंगे तत्पश्चात नेताद्वय स्व. गोविंदराव खुरसंगे के निवास पहुंचेंगे, तदोपरांत दोपहर 1 बजे कमलनाथ एवं नकुलनाथ का शिकारपुर आगमन होगा।शिकारपुर आगमन उपरांत नकुलनाथ का का अपराहंत 4 बजे उप ब्लॉक उत्तर के वार्ड क्रमांक 06 ऊंटखाना में आगमन होगा जहां वे विधायक निधि से निर्मित होने वाले कार्यों का भूमिपूजन करेंगे तदोपरांत उप ब्लॉक मध्य के वार्ड क्रमांक 26 पॉवर हाउस पहुंचकर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। सांय 5.05 बजे नकुलनाथ का उत्तर उप ब्लॉक के चंदनगांव बस स्टैण्ड में आगमन होगा।



# शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कार्तिकेय की शादी

### मंगेतर अमानत संग बनारस में कराया प्री-वेडिंग शूट







**भोपाल।** एमपी के पूर्व सीएम, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान के छोटे बेटे कुणाल सिंह और रिद्धि जैन की शादी के बाद अब बड़े बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान की अमानत बंसल से शादी की तैयारियां चल रहीं हैं। शादी की रस्मों के बीच कार्तिकेय और अमानत का प्री वेडिंग शूट हुआ है, जिसका वीडियो सामने आया है। यह प्री वेडिंग शूट बनारस में हुआ है। कार्तिकेय और अमानत बेहद खूबसूरत लग रही हैं। अमानत बंसल के साथ वाराणसी में प्री-वेडिंग शूट करवाया. प्री-वेडिंग शूट का वीडियो खुद अमानत के पिता अनुपम बंसल ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है.

ट्वीट में पूर्व सीएम ने लिखा कि सलकनपुर में बिजासन माता की पूजा अर्चना के साथ गृह ग्राम जैत में माता पूजन, कुल देवता पूजन, नर्मदा पूजन और हरदौल पूजन कर कार्तिकेय सिंह के विवाह की अन्य रस्में प्रारंभ होंगी। बता दें कि कार्तिकेय सिंह और अमानत बंसल 6 मार्च को विवाह बंधन में बंधेंगे। शादी समारोह राजस्थान के जोधपुर के रेडिसन होटल में आयोजित किया गया है। अमानत ने लंदन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से साइकोलॉजी की पढ़ाई की है। उनके पिता अनुपम बंसल फेमस शू कंपनी लिबर्टी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं और मां रुचिता बंसल भी सामाजिक रूप से काफी सक्रिय हैं।

**6 मार्च को जोधपुर में शादी–** शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान और अमानत बंसल की शादी 6 मार्च को जोधपुर के रेडिसन होटल में होगी। कार्तिकेय सिंह चौहान के छोटे भाई कुणाल सिंह की शादी हाल ही में रिद्धि जैन के साथ संपन्न हुई। अमानत बंसल ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से साइकोलॉजी की पढ़ाई की है। उनके पिता अनुपम बंसल लिबर्टी कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं, जबकि उनकी मां रुचिता बंसल सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं।






केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओरिएंटल कॉलेज भोपाल में एक कार्यक्रम के अंतर्गत एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर अपने विचार रखे।

# एमपी में 10वीं की परीक्षा शुरू, हिंदी का पहला पर्चा

## 9.53 लाख स्टूडेंट्स हुए शामिल, भोपाल में बने हैं 103 एग्जाम सेंटर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई है। पहला परचा हिंदी का है। पूरे प्रदेश में 9.53 लाख से अधिक स्टूडेंट्स बैठे हैं। प्रदेश में 3887 और भोपाल में 103 एग्जाम सेंटर बने हैं।

इससे पहले 24 फरवरी से कक्षा 12वीं की परीक्षा शुरू हो चुकी है। इस कक्षा का पहला परचा भी हिंदी का रहा, जबकि शुक्रवार को दूसरा परचा अंग्रेजी का रहेगा। बोर्ड ने अबकी बार परीक्षा में कई महत्वपूर्ण बदलाव और सख्त नियम लागू किए हैं। जिनका पालन सभी छात्रों और परीक्षा केंद्रों से कराया जा रहा है।

**सुबह 9 बजे से परीक्षा शुरू हुई–** परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू हुई, जो दोपहर 12 बजे तक चलेगी। इस बार, छात्रों को केवल 32 पृष्ठों की मुख्य उत्तर पुस्तिका प्रदान की गई है। अतिरिक्त सप्लीमेंट्री कॉपी नहीं दी जाएगी। इसलिए छात्रों को अपने उत्तर संक्षेप में और सटीक रूप से लिखने की सलाह दी गई है।

**16 लाख से अधिक विद्यार्थी दे रहे परीक्षा–** इस साल हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) परीक्षा में 9 लाख 53 हजार 777 छात्र एवं हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) परीक्षा में 7 लाख 6 हजार 475 छात्र शामिल हो रहे हैं। कुल परीक्षार्थियों की संख्या 16 लाख 60 हजार 252 है। बोर्ड परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 3,887 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

**ईमानदारी की पेटी रखी जाएगी परीक्षा केंद्रों पर–** इस बार परीक्षा केंद्रों पर ईमानदारी की पेटी नामक अनोखी पहल की गई है। मंडल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर लोहे की एक पेटी रखी जाएगी, जिसमें छात्र अपनी स्वेच्छा से किसी भी प्रकार की नकल सामग्री, जैसे गाइड, चिट आदि डाल सकेंगे। इस पेटी पर स्पष्ट रूप से लिखा होगा कि यह पेटी स्वेच्छा से नकल सामग्री परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले जमा करने के उद्देश्य से रखी गई है।÷ यदि कोई छात्र परीक्षा कक्ष में नकल सामग्री के साथ पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ परीक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### नकल पर सख्ती, कॉपियों की सिलाई उखड़ी मिली तो होगी कार्रवाई

मंडल के निर्देशानुसार, परीक्षा में नकल रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यदि किसी परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका की सिलाई उखड़ी पाई गई, तो इसे नकल की श्रेणी में माना जाएगा और उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। परीक्षार्थियों से अपील की गई है कि वे अनुशासन बनाए रखें और परीक्षा में ईमानदारी से शामिल हों।

### परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश

- समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचे परीक्षा प्रारंभ होने से 1 घंटे पूर्व (सुबह 8 बजे तक) एवं परीक्षा कक्ष में आधे घंटे पहले प्रवेश करें।
- अनिवार्य सामग्री साथ रखें प्रवेश पत्र, पानी की ट्रांसपेरेंट बोतल और पेन के लिए ट्रांसपेरेंट बॉक्स ही ले जाएं।
- प्रवेश पत्र पर क्यूआर कोड स्कैन होगा-परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र के क्यूआर कोड को स्कैन किया जाएगा।
- अनुचित सामग्री बाहर रखें किताबें या अन्य सामग्री बाहर रखी पेटी में जमा करें।
- उत्तर पुस्तिका की जानकारी भरें उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर सभी आवश्यक जानकारी दर्ज करें।
- ओएमआर शीट सावधानी से भरें काले या नीले बॉल पेन से नाम, रोल नंबर व अन्य विवरण सही से गोला करें।
- उत्तर पुस्तिका जमा करने से पहले जांच करें अगर कोई पेज उखड़ा हो तो तुरंत सूचना दें।

### नकल रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम

- बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए शिक्षा विभाग ने पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं।
- सभी सेंसेटिव केंद्रों के आसपास उड़नदस्ते तैनात रहेंगे।
- यह दल सुबह 9 से 12 बजे के बीच किसी भी केंद्र पर जाकर निरीक्षण करेंगे।
- इनमें से अधिकांश केंद्रों पर प्राइवेट परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। कुछ केंद्रों पर जैमर भी लगाए गए हैं।

# मार्च के पहले सप्ताह बारिश के आसार, फिर गर्मी

### भोपाल, उज्जैन-जबलपुर की रातें अभी ठंडी; बढ़ेगा तापमान



**भोपाल।** मार्च के पहले सप्ताह में मध्यप्रदेश के पश्चिम-उत्तरी हिस्से में हल्की बारिश होने के आसार है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से ऐसा हो सकता है। इससे पहले 3 दिन तक दिन-रात का पारा 2 से 3 डिग्री बढ़ा रहेगा। जिससे गर्मी का अहसास होगा। मौसम विभाग के अनुसार, 2 मार्च से नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है। अभी साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर है।

### फरवरी में 10 साल का ट्रेंड... तीनों मौसम का असर

प्रदेश में पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें, तो फरवरी महीने में रातें ठंडी और दिन गर्म रहते हैं। बारिश का ट्रेंड भी है। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहा है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार पहुंच गया, जबकि रात में 10 से 17 डिग्री के बीच रहा।

### भोपाल में बादल छाए

इधर, बुधवार को भोपाल में सुबह से बादल छाए रहे। वहीं, रीवा, सतना, पन्ना और मैहर जिलों में भी मौसम बदला रहा। बाकी शहरों में आसमान साफ रहा। जिससे दिन के पारे में बढ़ोतरी देखने को मिली।

### पांच दिन तक रहा ठंड का असर

पिछले 5 दिन से प्रदेश में हल्की ठंड पड़ी। मंगलवार-बुधवार की रात की बात करें तो इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 6.8 डिग्री, शहडोल के कल्याणपुर में 8.7 डिग्री, शाजापुर के गिरवर में 9.6 डिग्री और मंडला में 10.2 डिग्री दर्ज किया गया।

# प्रसव के बाद टांके लगाने के लिए मांगे 5000 रुपए, परिजनों ने सिविल सर्जन से की शिकायत

### आरोप- स्वीपर ने नर्स के कहने पर मांगी थी रकम

**छतरपुर।** छतरपुर जिला अस्पताल में रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है, जहां प्रसूता वार्ड में टांके लगाने के नाम पर 5000 रुपए की मांग की गई। शिकायत मिलने पर अस्पताल प्रशासन ने जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

दरअसल, हरपालपुर के सरसेड गांव की हेमवती (25) को प्रसव के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया था। दोपहर 2 बजे भर्ती होने के बाद शाम को उन्होंने एक बच्ची को जन्म दिया।

इसके बाद रेडक्रॉस की सफाई कर्मी ममता महरौलिया ने टांके लगाने के बदले हेमवती की देवरानी रिंकी से 5000 रुपए की मांग की। गरीब परिवार ने पहले 500 रुपए दिए, लेकिन और पैसे मांगने पर 1000 रुपए और देने पड़े। जब परिजनों ने गरीबी का हवाला देते हुए 1500 रुपए और दिए, तब भी स्टाफ नहीं माना।



**शिकायत पर हुई कार्रवाई–** परिजनों ने मामले की शिकायत सिविल सर्जन जीएल अहिरवार से की। इसके बाद जांच टीम (सादिक खान, ऋतुजीत सिंह और विनोद कुमार व्यास) मौके पर पहुंची। टीम ने स्वीपर से 1000 रुपए वापस कराए और पंचनामा तैयार किया। शिकायतकर्ता मनोज का कहना है कि प्रसूति वार्ड में अन्य मरीजों से भी पैसे वसूले गए। स्वीपर ने यह रकम नर्स के कहने पर मांगी थी। इधर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरपी गुप्ता ने बताया कि मामले की चार्टशीट तैयार कर कलेक्टर पार्थ जैसवाल को भेजी जाएगी। आगे की कार्रवाई जिला प्रशासन के निर्देशानुसार होगी।

# बकाया 500 रुपए नहीं दिए तो युवक को मार डाला

### जबलपुर में तीन भाइयों ने सरे बाजार लाठी-तलवार से पीटा; 4 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** जबलपुर में महज 500 रुपए के लिए 3 सगे भाईयों और उसके साथी ने एक युवक की हत्या कर दी। विवाद के पीछे का कारण काम के बदले 500 रुपए कम देना था। इसके लिए आरोपी तीनों भाइयों ने इस कदर रंजिश रखी कि बदला लेने के लिए लंबा इंतजार किया। जब मौका मिला तो हमला कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना कटंगी के बस स्टैंड के पास की है। 16 फरवरी को सरेराह अंकित नेमा (30) पर लाठी-तलवार से हमला हुआ था। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। 9 दिन तक चले इलाज के बाद 25 फरवरी की रात को उसने दम तोड़ दिया। अंकित नेमा कटंगी बस स्टैंड पर चाय-नाश्ते की दुकान चलाता था। पुलिस ने हत्या के मामले में 25 फरवरी को ही चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को सभी का जुलूस निकालकर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।



**पुताई कराया था, हिसाब में 500 रुपए कम दिए–** अक्टूबर 2024 में आरोपी भूरा पटेल, साहब पटेल और बाबा पटेल ने अंकित के घर पर पुताई का काम किया था। काम खत्म होने के बाद हिसाब को लेकर अंकित का भूरा से विवाद हो गया। दरअसल, अंकित और उसके परिवार वाले आरोपियों को 500 रुपए कम दे रहे थे। भूरा ने अपने भाई, साहब पटेल के साथ एक हफ्ते तक अंकित के घर के चक्कर काटे, फिर भी पैसे नहीं मिले। इस बीच बस स्टैंड पर आरोपियों और अंकित के बीच इसे लेकर बहस भी हुई। इसके बाद भी अंकित ने साफ मना कर दिया कि काम के हिसाब से जो पैसे देने थे, दे दिए गए। अब एक रुपया नहीं मिलेगा। भूरा और साहब को उसकी ये बात इतनी नागवार गुजरी कि वो सीधे अपने घर आए और बाबा पटेल से कहा कि अंकित से इसका बदला लेना होगा।

**विवाद से पहले थाने में दर्ज कराई शिकायत–** बाबा पटेल ने भूरा और साहब को विवाद करने से रोका और थाने चलने को कहा। दिसंबर 2024 में तीन भाइयों ने कटंगी थाने में अंकित के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।

### अंकित दुकान जा रहा था तभी किया हमला

16 फरवरी की शाम को रोज की तरह अंकित नेमा ठेला लेकर दुकान लगाने जा रहा था। जैसे ही वह कटंगी बस स्टैंड के पास पहुंचा, तभी भूरा, बाबा, साहब और संदीप उसके पास आए। उनमें बहस होने लगी। कुछ ही देर बाद तीनों भाइयों और संदीप ने मिलकर लाठी-रॉड से हमला कर दिया। हमले में अंकित को गंभीर चोटें आईं थी।

वारदात को अंजाम देने के बाद चारों आरोपी बाइक में बैठकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अंकित के परिवार वालों को दी। अंकित को परिजन इलाज के लिए कटंगी स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। 23 फरवरी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# तापमान के उतार-चढ़ाव से बिगड़ रही लोगों की सेहत

### ओपीडी में बढ़े पेट में इन्फेक्शन के मरीज



**भोपाल।** फरवरी माह के दौरान तापमान के उतार-चढ़ाव के कारण लोगों की सेहत बिगड़ रही है। शहर के अस्पतालों और क्लीनिकों में पेट में इन्फेक्शन व अन्य समस्याओं वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टरों के अनुसार मौसम बदलने और खानपान में लापरवाही के कारण एसिडिटी, गैस, अपच, पेट दर्द और दस्त की शिकायतें आम हो गई हैं। जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और निजी अस्पतालों में पेट की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। बीएमसी के आंकड़ों के अनुसार फरवरी माह में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (पाचन तंत्र से जुड़ी) बीमारियों वाले मरीजों की संख्या 40 प्रतिशत तक बढ़ी है। इनके इलाज में लापरवाही से इन्फेक्शन, फूड पॉइजनिंग और पेट के अल्सर की समस्या हो सकती है। दिनचर्या में बदलाव से राहत मिल सकती है।

**खानपान का खास ध्यान रखना बहुत जरूरी–** मेडिकल कॉलेज के रिकॉर्ड के अनुसार प्रतिदिन ओपीडी में 150 से ज्यादा मरीज सोनोग्राफी जांच कराने के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें पेट में इन्फेक्शन की समस्या लेकर पहुंचने वाले 30 से 40 मरीज होते हैं। इनमें एसिडिटी के सबसे ज्यादा 20 से 50 फीसदी मरीज निकल रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र

# महंत ने पूछा. वित्तीय कारणों से जो उद्योग बंद हुए उनके लिए सरकार ने क्या किया

**रायपुर।** बजट सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखनलाल में वित्तीय कारणों से बंद उद्योग को लेकर गरमा गरम बहस हुई। महंत ने कहा, मैंने मंत्री से पूछा कि जनवरी 2024 से 25 तक कितने उत्पादन कार्य बंद हुए। जिसमें पांच उत्पादन कार्य बंद हुए, 274 लोगों को सेवा से अलग किया गया। राजनांदगांव में उत्पादन केंद्र बंद किया। उद्योग मंत्री से सवाल है कि खनिज से संबंधित एक जिले के पांच उत्पादन कार्य बंद हुए, सभी वित्तीय कार्यों से बंद हुए। महंत ने पूछा, इन लोगों को आपने सहयोग क्यों नहीं किया।



मंत्री लखनलाल ने जवाब देते हुए कहा उद्योग विभाग के अनुसार जो सब्सिडी दी जाती है वो दी गई है। पांचों को ब्याज अनुदान में 75 लाख 31 हजार और स्थायी पूंजी में 60 लाख की सहायता दी गई। अपने 2023 में भी कांग्रेस के शासन काल में 18 उद्योग बंद हुए। रमन सिंह के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में पांच साल में 27 उद्योग बंद हुए, किसी का उद्योग नहीं चल पाता है तो बंद कर देते हैं।

**महंत ने कहा. मंत्री जी घबरा रहे हैं–** महंत ने कहा मंत्री घबरा रहे हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती हम मना रहे हैं। पंडरिया में शक्कर कारखाना खोला गया जो 18 फरवरी को बंद हुआ, क्योंकि आपने गन्ना उत्पादकों को पैसे नहीं दिए। भौरमदेव शक्कर कारखाना 26 जनवरी से बंद, बालोद का शक्कर कारखाना बंद।

महंत ने कहा, हमारी सरकार ने मक्का से एथेनॉल बनाने का कारखाना तैयार किया लेकिन वो भी नहीं बना। सूरजपुर में शक्कर कारखाना बंद। हमारी सरकार में ये व्यवस्था की गई थी कि गन्ना किसानों को फंड दिया जाए और उन्हें कोई कठिनाई ना हो। महंत ने मंत्री को घेरते हुए सवाल किया कि लगातार आप उद्योग बंद करेंगे तो नई औद्योगिक नीति क्यों बना रहे हैं।

मंत्री लखनलाल ने जवाब दिया कि नेता प्रतिपक्ष अलग प्रश्न पूछ रहे हैं। महंत ने कहा क्या एक भी मिनी स्टील प्लांट खुला है। मंत्री ने जवाब दिया कि एक भी स्टील प्लांट नहीं खुला है. महंत ने पूछा मिनी स्टील प्लांट के जो जो उद्योग बंद हुए तो क्या प्रभावितों को मुआवजा दिया गया है। मंत्री ने कहा कि मुआवजा नहीं दिया गया है। नया उद्योग खुलने पर उन्हें दिया जाएगा, मंत्री ने कहा श्रम विभाग के नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

# एक महीने में 250 किलो शहद का उत्पादन

### तुलसी, अजवाइन, सरसों समेत 10 फ्लेवर में तैयार होता है प्रीमियम क्वालिटी का शहद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में तोसन कुमार, श्रुति धाकड़ और जबलपुर के पंकज पटेल ने 5 लाख रुपए खर्च करके 2 साल पहले शहद का स्टार्टअप शुरू किया। वे एक-दो नहीं, पूरे 10 फ्लेवर में शहद बनाते हैं। यह पूरी तरह नेचुरल होता है। उन्होंने भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीएसआई) में प्रजेंटेशन भी दिखाया। अब दुबई में शहद का एक्सपोर्ट करेंगे। खास बात ये है कि मधुमक्खी पालन के लिए वे किराये पर जमीन लेते हैं।

24 साल के तोसन आईआईटी में मास्टर डिग्री कर रहे हैं जबकि 25 साल की श्रुति एमएसडब्ल्यू कर चुकी हैं। दोनों ही भोपाल से हैं और बुआ-मामा के बेटा-बेटी हैं। वहीं, 38 साल के पंकज जबलपुर के पास गोटेगांव के रहने वाले हैं। तीनों ही आपस में रिश्तेदार हैं। करीब दो साल पहले उन्हें शहद के बिजनेस का आइडिया आया। इसके बाद उन्होंने कंपनी बनाई और अलग-अलग फ्लेवर का शहद बनाकर सप्लाई कर रहे हैं।

श्रुति ने बताया- एक महीने में करीब 250 किलो शहद का उत्पादन हो रहा है। तुलसी, अजवायन, सरसों,



मल्टी फ्लोरा, धनिया जैसे 10 फ्लेवर हैं।

**फसल के हिसाब से लगाते हैं बी बॉक्स–** तोसन ने बताया- हम वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन करते हैं। फसल के हिसाब से बी बॉक्स लगाते हैं। बी बॉक्स मधुमक्खी पालन के लिए इस्तेमाल होने वाला बॉक्स होता है। दो साल पहले 200 बी बॉक्स लेकर आए थे और ग्वालियर से शुरुआत की थी।

छत्ते से शहद के अलावा वैक्स और जैली भी निकलती है लेकिन किसान निकाल नहीं पाते हैं क्योंकि ट्रेनिंग और मार्केट नहीं है। हमने पहले ट्रेनिंग ली और पूरी तकनीक जानी। मैं आईआईटी मुंबई में पढ़ाई कर रहा हूं। यहां पर रिसर्च भी करते हैं इसलिए हनी का बिजनेस शुरू किया है। फिलहाल प्रीमियम क्वालिटी का हनी निकाल रहे हैं। हालांकि, अभी ज्यादा मुनाफा नहीं कमाया है। जमीन के रेंट, मजदूरी और सप्लाई सिस्टम में ज्यादा खर्च हो रहा है।

### खुद की कंपनी बनाई ऑनलाइन बिक्री भी

श्रुति ने बताया- बिजनेस की शुरुआत के बाद खुद की कंपनी बनाई ताकि ऑनलाइन बिक्री भी की जा सके। कंपनी को नाम दिया श्रुपनील। इसी ब्रांड से अब ऑनलाइन सप्लाई कर रहे हैं।

टीम में पूजा पटेल, नरेंद्र धाकड़, राहुल पटेल, नीलू धाकड़ भी शामिल हैं। फिलहाल, मुरैना में 3 एकड़ जमीन पर मधुमक्खी पालन कर रहे हैं। यहां पर सरसों की अच्छी फसल रही है। अब यह बिजनेस गुना में शिफ्ट करेंगे। टीम के फाउंडर और मेंबर हर रोज मॉनिटरिंग करते हैं।

### एमएसएमई को प्रजेंटेशन, एक्सपोर्ट पर फोकस

भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान 25 फरवरी को श्रुति और टीम ने मध्यप्रदेश सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग को प्रजेंटेशन भी दिया। श्रुति ने बताया- पूरा फोकस एक्सपोर्ट पर है। अधिकारियों से डॉक्युमेंट्स, शहद की क्वालिटी आदि को लेकर चर्चा की है। उम्मीद है कि सरकार बड़ा प्लेटफार्म देगी और एक्सपोर्ट में मदद करेगी।